संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, शुक्रवार, 23 फरवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्षः 13 अंकः 53 पृष्ठः 12
RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com
हिमाचल संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



किसान संगठन के नेता मीडिया से मुखातिब होते हुए।

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## सरकार और किसानों की बातचीत में अब व्यापारी संगठन कूदेः कैट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**किसान** आंदोलन को लेकर कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल से आग्रह किया है कि किसानों के साथ होने वाली वार्ता में व्यापारी संगठनों को भी शामिल किया जाए। इस मुद्दे पर कैट के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने केंद्रीय मंत्री एवं किसानों के साथ चल रही बातचीत में अहम भूमिका निभा रहे पीयूष गोयल को पत्र लिखा है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से मांग की है कि किसानों के साथ हो रही वार्ता में व्यापारी, ट्रांसपोर्टर एवं उपभोक्ताओं को भी शामिल किया जाए। खंडेलवाल का कहना है कि किसानों के वर्तमान आंदोलन से व्यापार जगत को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों के साथ वार्ता में व्यापारियों, ट्रांसपोर्टर, उपभोक्ता सहित किसानी से संबंधित अन्य क्षेत्रों के प्रमुख संगठनों को भी शामिल किया जाए। वजह, किसान संगठनों के साथ किसी भी वार्ता अथवा समझौते का असर इन सभी वर्गों पर पड़ता है। यदि किसान घाटे की खेती कर रहा है, तो उसकी खेती को लाभ में बदलने की जिम्मेदारी सामूहिक रूप से सभी की है। सभी को मिलकर यह काम करना चाहिए। केवल केंद्र सरकार पर ठीकरा फोड़ने की राजनीति से किसानों का कोई हित नहीं होने वाला है। कैट के महामंत्री ने इस पत्र की प्रति केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा एवं नित्यानंद राय को भी भेजी है। ये दोनों मंत्री, पीयूष गोयल के साथ किसानों से वार्ता कर रहे हैं। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने यह भी सुझाव दिया है कि वर्तमान में जो कथित आंदोलन चल रहा है, वह प्रकट रूप में केवल पंजाब के किसानों का है। देश के अन्य विभिन्न राज्यों में भी पंजाब से अधिक खेती होती है। इस दृष्टि से किसानों की समस्या के स्थायी समाधान के लिए देश के सभी 5-6 प्रमुख, लेकिन प्रामाणिक किसान संगठनों को भी बातचीत में शामिल किया जाए। इससे बार-बार किसानों द्वारा आंदोलन करने की प्रवृति पर रोक लगेगी। किसानों की समस्या का एक ही बार में स्थायी समाधान हो सकेगा। किसानों द्वारा बार-बार आंदोलन करने से व्यापार बुरी तरह प्रभावित होता है। वहीं जन सामान्य की भी अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिस प्रकार से कथित आंदोलनकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मारने की खुले आम धमकी दे रहे हैं और जिस असभ्य भाषा का प्रयोग कर रहे हैं, वो बेहद ही निंदनीय है। यह किसी भी हालत में स्वीकार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को इस मामले में तुरंत स्वतः संज्ञान लेना चाहिए। ऐसे सभी व्यक्तियों के खिलाफ अविलंब कड़ी कार्रवाई की जाए। देश के प्रधानमंत्री को सरे आम धमकी देना और उनके लिए बेहद असभ्य भाषा का प्रयोग करना कतई स्वीकार नहीं है।

## 'नफरत का रास्ता नहीं छोड़ रही कांग्रेस'

### जब अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो चुका है तब भी उनके नेता (कांग्रेस) नकारात्मकता में जी रहे हैं और तब भी नफरत का रास्ता छोड़ने को तैयार नहीं हैः मोदी



**टीम एक्शन इंडिया/मेहसाणा**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राम मंदिर का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता नकारात्मकता में जी रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, "जब अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो चुका है तब भी उनके नेता (कांग्रेस) नकारात्मकता में जी रहे हैं और तब भी नफरत का रास्ता छोड़ने को तैयार नहीं हैं।"

**राम मंदिर का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस पर साधा निशानाः** पीएम मोदी ने कहा, "ये वही लोग हैं जिन्होंने भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाए थे और उनके मंदिर के निर्माण में बाधाएं पैदा की थीं। अब जब (भगवान राम के) जन्मस्थान पर एक भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है, जब पूरा देश इससे खुश है, तो जो लोग नकारात्मकता में रहते हैं, वे नफरत का रास्ता नहीं छोड़ रहे हैं।"

**भगवान और देश का काम तेजी से चल रहा हैः** पीएम मोदी ने गुजरात के मेहसाणा जिले के तारभ में वलीनाथ महादेव मंदिर का उद्घाटन किया। उन्होंने महादेव मंदिर में पूजा करने के बाद एक सार्वजनिक समारोह में जनता को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि ये वो समय है जब भगवान का काम और देश का काम बहुत तेज गति से चल रहा है। उन्होंने कहा, एक तरफ देश में मंदिर बन रहे हैं तो दूसरी तरफ गरीबों के लिए लाखों घर बन रहे हैं। पीएम मोदी ने 8,350 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

### हमारी हजारों वर्ष पुरानी संस्कृति और परंपरा के प्रतीकः मोदी

**पीएम** मोदी ने कहा कि सैंकड़ों वर्ष पुराना ये मंदिर आज 21वीं सदी की भव्यता और पुरातन दिव्यता के साथ तैयार हुआ है। ये मंदिर सैंकड़ों शिल्पकारों, श्रमजीवियों के वर्षों के अथक परिश्रम का भी परिणाम है। हमारे यहां मंदिर सिर्फ देवालय या पूजा पाठ करने की जगह नहीं, बल्कि ये हमारी हजारों वर्ष पुरानी संस्कृति और परंपरा के प्रतीक हैं। हमारे यहां मंदिर देश और समाज को अज्ञान से ज्ञान की तरफ ले जाने के माध्यम रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज देश सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर चल रहा है। ये भावना हमारे देश में कैसे रची-बसी है, इसके दर्शन भी हमें वालीनाथ धाम में होते हैं।

## पीएम मोदी ने गरीबी हटाने का किया कामः जेपी नड्डा

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबईः** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर आज जमकर हमला बोला। मुंबई में लाभार्थी सम्मेलन को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि आजादी के बाद लंबे समय तक कांग्रेस ने देश पर शासन किया और गरीबों के कल्याण की बात भी की, लेकिन हकीकत में कुछ भी लागू नहीं किया। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस की कथनी और करनी में फर्क है।

**गरीबी हटाओ का नारा चला, लेकिन गरीबी नहीं हटीः** नड्डा ने कहा कि पहले एसी कमरों में बैठकर योजनाएं बनाई जाती थी, लेकिन जमीन पर योजनाएं कैसे उतारनी है इसकी उन्हें चिंता नहीं थी। इसलिए गरीबी हटाओ का नारा चलता रहा, लेकिन गरीबी नहीं गई। उन्होंने कहा कि पहले गरीब, गरीब रहा, गरीबी चलती रही और गरीब पर राजनीति चलती रही। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं।




## संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था पर फिर भड़के विदेश मंत्री जयशंकर



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**नई दिल्ली** में वैश्विक कूटनीतिक विमर्श के कार्यक्रम रासीना डायलॉग 2024 का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को इस कार्यक्रम में भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने शिरकत की। जयशंकर ने अपने चिर-परिचित अंदाज में एक बार फिर सधे हुए शब्दों में संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था की खामियों को उजागर किया और आरोप लगाया कि संयुक्त राष्ट्र आज भी पुरानी व्यवस्था के आधार पर ही संचालित हो रहा है।

**'पुराने ढर्रे के आधार पर नहीं चल सकता संयुक्त राष्ट्र':** जयशंकर ने कहा कि 'जब संयुक्त राष्ट्र का गठन हुआ था तो उस वक्त इसके करीब 50 सदस्य थे। आज इसके चार गुना ज्यादा सदस्य देश हैं। ऐसे में ये स्वभाविक बात है कि संयुक्त राष्ट्र पुराने ढर्रे के आधार पर नहीं चल सकता। अगर पिछले पांच वर्षों को देखें तो कई बड़े मुद्दे हैं, जिनका हम बहुपक्षीय समाधान नहीं निकाल सके हैं। नतीजे नहीं मिल रहे हैं, तभी सुधार की मांग उठ रही है। कई मामलों में नियमों के साथ खिलवाड़ हुआ है। हम वैश्वीकरण की बात करते हैं, लेकिन तथ्य ये है कि वैश्विक व्यापार के नियमों में भी खिलवाड़ किया जा रहा है। आज हमारे सामने कई चुनौतियां हैं और हम ये भी जानते हैं कि कैसे देश अपने फायदे के लिए अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का इस्तेमाल करते हैं।'

### खामियां गिनाई

8 चिर-परिचित अंदाज में एक बार फिर सधे हुए शब्दों में संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था की खामियों को उजागर किया

# मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश लैंड कोड के नवीन संस्करण का अनावरण किया

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**मुख्यमंत्री ठाकुर** सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को हिमाचल प्रदेश लैंड कोड के नवीन संस्करण का अनावरण किया। इसमें राजस्व एवं अन्य विभागों के भूमि से संबंधित मामलों के कानूनों का संकलन किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश लैंड कोड का प्रथम संस्करण 1992 में प्रकाशित किया गया था तथा 1992 के बाद से इसे संशोधित नहीं किया गया था। इससे पूर्व भी भूमि से संबंधित अनेक कानूनों को संशोधित कर कई दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस लैंड कोड में राजस्व एवं अन्य विभागों से संबंधित कुल 64



अधिनियम, 59 नियम तथा लगभग 340 अधिसूचनाएं एवं दिशा-निर्देशों को संकलित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक उपायुक्त, एसडीएम व तहसील कार्यालयों में यह लैंड कोड उपलब्ध करवाया जाएगा ताकि विभागीय अधिकारियों को विभिन्न अधिनयम, नियम, अधिसूचनाओं व दिशा-निर्देशों की अद्यतन जानकारी सुगमता से मिल सके। उन्होंने कहा कि इस कोड से उन्हें राजस्व से संबधित मामलों के निपटारे को दक्षता से सुलझाने में मदद मिलेगी तथा भूमि से संबंधित शिकायतों का निवारण जल्द होने से लोगों को भी राहत मिलेगी। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान सरकार ने अपने पहले ही बजट में राजस्व विभाग में नए लैंड कोड संकलित करने का आश्वासन दिया था तथा अब इसे प्रकाशित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमि से संबंधित मामलों के शीघ्र निपटान के लिए प्रत्येक महीने के अन्तिम दो दिनों में राजस्व लोक अदालतें आयोजित की जा रही हैं जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आएं हैं। उन्होंने कहा कि अक्तूबर, 2023 से अब तक राजस्व लोक अदालतों के माध्यम से रिकार्ड 89091 इंतकाल और 6029 तकसीम के लंबित मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया है। इस अवसर पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, हिमाचल प्रदेश विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार, सहित आदि उपस्थित रहे।



गत दिवस को चौदहवीं विधानसभा के पंचम सत्र के 8वें दिन की कार्यवाही का संचालन करते हि.प्र. विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां। (छाया: चमन शर्मा)

## न्यूज फ्लैश

### पंचायती राज उप-चुनावों के दृष्टिगत 25 फरवरी को सवैतनिक अवकाश घोषित

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा। पंचायती राज** संस्थाओं के रिक्त पदों पर उप-चुनाव (मतदान होने की स्थिति में) के दृष्टिगत 25 फरवरी, 2024 को सवैतनिक अवकाश घोषित किया गया है। यह यह अवकाश सभी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को तथा नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट-1881 की धारा 25 के अंतर्गत देय होगा। इस बारे में जारी अधिसूचना के अनुसार उप-चुनाव से संबंधित क्षेत्रों में इस दिन सरकारी कार्यालय, बोर्ड व निगमों के कार्यालय, शैक्षणिक संस्थान, बैंक, डाकघर सहित सभी दुकानें तथा औद्योगिक प्रतिष्ठान इत्यादि बंद रहेंगे। अधिसूचना के अनुसार जो कर्मचारी प्रदेश के अन्यंत्र स्थानों में कार्यरत हैं और उनका मताधिकार उप-चुनाव वाले निर्धारित क्षेत्रों में है, उन्हें मतदान के लिए विशेष आकस्मिक अवकाश भी देय होगा। इसके लिए उन्हें पीठासीन अधिकारी द्वारा मतदान की पुष्टि से संबंधित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

### डोल में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा सदगुरू रविदास जयंती समारोह

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर। संत शिरोमणि** रविदास महाराज जी की जयंती समारोह आगामी 24 फरवरी को ग्राम पंचायत बैहना जट्टां के डोल में बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए गुरू रविदास जी महाराज सभा के महासचिव मदन गोपाल और कोषाध्यक्ष मनोहर लाल ने बताया कि डोल गांव में स्थित गुरू रविदास मंदिर में सुबह 11 बजे कार्यक्रम शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि संत शिरोमणि रविदास जी के जीवन चरित्र को प्रस्तुत करने के लिए पंजाब से कलाकार बुलाए गए हैं। श्रद्धालुओं के लिए जलपान और भंडारे की व्यवस्था भी है। उन्होने कहा कि संत शिरोमणि की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मानव मात्र के कल्याण के लिए उनके उपदेशों पर आधारित प्रवचन भी महापुरुषों के द्वारा सुना, जाएंगे। उन्होंने सभी भक्तों से इस पावन कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील की है।

### जोगिंद्रनगर की सुदेश हाजरी ने मास्टर्स गेम में बाधा दौड़ में जीता गोल्ड

**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय। यदि सच्ची लगन** हो और कुछ करने की इच्छा तो कोई भी काम मुश्किल नहीं होता है। ऐसा ही करिश्मा कर दिखाया है जोगिंद्रनगर क्षेत्र की वेटरन महिला धावक सुदेश हाजरी ने। अभी हाल ही में गोवा में आयोजित राष्ट्रीय मास्टर्स खेलकूद प्रतियोगिता में जोगिंद्रनगर उपमंडल के खुद्दर गांव कि सुदेश हाजरी ने गोल्ड मेडल जीतकर एक बार फि र से अपने



गांव शहर और प्रदेश का नाम रोशन किया है।सुदेश हाजरी ने 800 मीटर बाधा दौड़ में गोल्ड मेडल तथा शाटफुट में चौथा स्थान प्राप्त किया है।अब सुदेश हाजरी दुबई में होने वाली अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स प्रतियोगिता में अपने देश का नाम रोशन करेंगी। सुदेश हाजरी ने बताया कि उन्होंने 2011 से राष्ट्रीय मास्टर्स गेम से अपना सफ र शुरू किया था, जो लगातार जारी है।पिछले साल बनारस में हुई मास्टर्स गेम में भी उन्होंने 800 मीटर बाधा दौड़ में गोल्ड और शॉटफुट में सिल्वर मेडल जीता था।

### अंधेरी के समीप दो निजी बसों में टक्कर, हादसे में 09 यात्री जख्मी

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ। प्रदेश में** सडक हादसे लगातार सामने आ रहे है। वहीं सिरमौर जनपद के संगड़ाह उपमंडल के अंधेरी के समीप दो निजी बसों की तीखे मोड़ पर आपस में टक्कर हो गई। गनीमत यह रही कि हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। हादसे में 9 सवारियों को हल्की चोटें आई है। जिन्हें संगड़ाह अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया है। जानकारी अनुसार दोपहर 1 बजे के करीब मीनू कोच नाम की दो बसें अपने रूट पर जा रही थी। दोनों बसें जैसे ही अंधेरी के समीप पहुंची तो यहां एक तीखे मोड़ पर दोनों आपस में टकरा गई। हालांकि समय रहते बस पर काबू पा लिया गया अन्यथा एक बड़ा हादसा पेश आ सकता था। पुष्टि करते हुए डीएसपी मुकेश डडवाल ने बताया कि दोनों बस में करीब 60-70 सवारियां सवार थी। फिलहाल हादसा के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है।

# ऊहल परियोजना में इसी साल शुरू होगा बिजली उत्पादन

## मुख्यमंत्री बिजली परियोजनाओं में स्थानीय लोगों को रोजगार में मिलेगी तरजीह हिमकेयर की 254 करोड़ की देनदारियां

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह** सुक्खू ने कहा है कि ऊहल-तीन बिजली परियोजना में सरकार इसी साल बिजली उत्पादन आरंभ करेगी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना पेन स्टॉक में आई खराबी के कारण बंद है और इसे ठीक करने का कार्य जारी है। मुख्यमंत्री वीरवार को विधानसभा में पनबिजली परियोजनाओं को लेकर विधायक डॉ. हंस राज के मूल और सुखराम चौधरी के अनुपूरक सवाल के जवाब में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि ऊहल तीन परियोजना में पेन स्टॉक में टेस्टिंग के दौरान दिक्कत आई थी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना में सबसे बिजली उत्पादन होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पनबिजली परियोजनाओं में स्थानीय

**अवगत कराया**

**8 यह परियोजना पेन स्टॉक में आई खराबी के कारण बंद है और इसे ठीक करने का कार्य जारी**

लोगों को रोजगार में तरजीह देने का प्रयास करेगी। इसमें वे लोग भी शामिल होंगे, जो परियोजना से प्रभावित हैं अथवा घराट इस्तादि परियोजना बनने के कारण बंद हो गए हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी परियोजना बनाते समय स्थानीय पंचायतों से एनओसी ली जाती है और घराट को भी परियोजना प्रभावितों के साथ जोड़ा जाता है, ताकि इनके बंद होने पर संबंधित लोगों को परियोजना में रोजगार मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 20982 मेगावाट की 992 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इनमें से 11209 मेगावाट की 174 परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। 2879 मेगावाट क्षमता की 58 परियोजनाओं का निर्माण कार्य चल रहा है, जबकि 6893 मेगावाट की 720 परियोजनाएं स्वीकृति के विभिन्न चरणों में हैं। इस परियोजनाओं का निर्माण सभी स्वीकृतियां प्राप्त होने के बाद शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि चंबा में 331 मेगावाट की 9 परियोजनाएं निमार्णाधीन हैं। उधर, विधायक चैतन्य शर्मा, सुधीर शर्मा और लोकेंद्र कुमार के एक संयुक्त सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल के सभी जिलों को इस वर्ष हेलीपोर्ट से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि रक्कड़, पालमपुर, चंबा और रिकांगपिओ में काम शुरू चुका है और इन चार हेलीपोर्ट के लिए 13-13 करोड़ रुपए जारी कर दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने पर्यटन में नई योजनाएं इसलिए शुरू नहीं की, क्योंकि नई मंजिलें-नई राहें योजना, जो पूर्व सरकार ने शुरू की थी, उसे जारी रखा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर्यटन क्षेत्र में पहले आधारभूत ढांचे को विकसित करना चाहती है और इस दिशा में प्रयास शुरू कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार शिव धाम परियोजना का खास ध्यान रखेगी और इसमें और धन का प्रावधान होते ही इस पर फि र से कार्य शुरू कर दिया जाएगा। हिमकेयर की 254 करोड़ की देनदारियां-स्वास्थ्य मंत्री सरकार का दो माह में चुकता करने का आश्वासन स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि हिमकेयर योजना के तहत देनदारियां 254.4 करोड़ रुपए तक पहुंच गई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार योजना के महत्व को देखते हुए इन देनदारियों को अगले एक से दो माह में चुकता करने का प्रयास करेगी। वे विधानसभा में विधायक डॉ. जनक राज, रणधीर शर्मा, दीप राज, आशीष शर्मा और राकेश जम्वाल के संयुक्त सवाल का जवाब दे रहे थे। डॉ. शांडिल ने कहा कि प्रदेश में कुल 283 स्वास्थ्य संस्थानों में हिमकेयर योजना लागू है और इनमें से 249 स्वास्थ्य संस्थानों की देनदारियां लंबित हैं। इनमें 73 निजी स्वास्थ्य संस्थान शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत विभिन्न मेडिकल कालेजों की भी 16.34 करोड़ रुपए की देनदारियां लंबित हैं।

## छेत्रां व बीदडबाल में खोली जाएंगी उचित मूल्य की दुकान

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। खाद्य, नागरिक** आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा जिला के हरोली विकास खंड की ग्राम पंचायत छेत्रां के गांव बीदरवाल में उचित मूल्य की दुकान खोली जाएंगी। यह जानकारी जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता ऊना राजीव शर्मा ने दी। राजीव शर्मा ने बताया कि उचित मूल्य की दुकानों के लिए सार्वजनिक संस्थान या सार्वजनिक निकाय जैसे ग्राम पंचायत, स्वयं सहायता समूह, सहकारी सभाएं, महिला मंडल व महिला संस्थाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। विकास विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा परिभाषित एकल नारी, विधवा नारी जिसके बच्चे उस पर आश्रित हों, शारीरिक रुप से विकलांग व्यक्ति जोकि विकलांगता अधिनियम 1955 में परिभाषित किया गया है।

## विधानसभा अध्यक्ष से मिला जिला परिषद कर्मचारी महासंघ का प्रतिनिधिमण्डल

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**गत दिवस को** अपराह्न 2:30 बजे जिला परिषद कर्मचारी महासंघ पंचायती राज विभाग हि.प्र. का एक प्रतिनिधमण्डल अपनी मांगों को लेकर विधान सभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां से उनके कार्यालय कक्ष में मिला। अपनी मांगों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष को अवगत करवाते हुए प्रतिनिधिमण्डल के सदस्यों ने कहा कि वे अभी जिला परिषद पंचायती राज विभाग के अधीन है तथा उनकी पूरजोर मांग है कि उनकी सेवाओं को ग्रामीण



विकास विभाग में समायोजित किया जाए। प्रतिनिधिमण्डल के सदस्यों ने कहा कि वे इस कार्य के लिए पिछले कई वर्षों से संघर्ष कर रहे हैं तथा उनका कार्य अब अन्तिम चरण पर है। उन्होंने कहा कि उन्हें अभी तक छठे वेतन आयोग का लाभ भी नहीं दिया गया है जबकि वित्त विभाग पहले ही इसकी मंजूरी दे चुका है। उन्होने कहा कि ग्रामीण विकास मंत्री हि.प्र. अनिरूद्ध सिंह ने भी इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है लेकिन अभी तक इसे लागू नहीं किया गया है। प्रतिनिधिमण्डल ने अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां से आग्रह किया है कि वे इसमें उनका सहयोग करें ताकि उनकी मांगे पूरी हो सकें। इस अवसर पर प्रतिनिधिमण्डल के सदस्यों को आश्वासन देते हुए विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां ने कहा कि वे इस विषय को आज ही मुख्यमंत्री के साथ उठाएंगे तथा उनकी मांगों का समाधान करने का प्रयास करेंगे।

## उद्योगों के पलायन को लेकर विपक्ष ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/ चमन शर्मा**

बजट सत्र के दौरान उद्योगों के पलायन का मुद्दा चचाओं में रहा अब इसको लेकर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि उद्योगों के पलायन को लेकर भाजपा के आरोप पूरी तरह से निराधार है। बजट सत्र के आठवें दिन विपक्ष के विधायकों ने उद्योगों के पलायन को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला। इस दौरान विपक्ष के विधायक हाथों में तख्तियां लेकर विधानसभा पहुंचे। इस मौके पर विपक्षी विधायकों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि हिमाचल प्रदेश से उद्योगों के पलायन की बात सरासर गलत है। इस दौरान उद्योग मंत्री ने विपक्ष के आरोपों को निराधार बताया। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि प्रदेश की वर्तमान सरकार उद्योगों के लिए काम कर रही है। इस दौरान उन्होंने फ ार्मा उद्योगों से जुड़े साइन करने की भी बात कही। हर्षवर्धन चौहान ने इस मौके पर दुबई दौरे का जिक्र भी किया। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि दुबई में अरब हेल्थ सबमिट गए थे जहां 2800 करोड़ के एमओयू साइन किए गए। इसके अलावा हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि मुंबई में हुई फ ार्मा सबमिट में भी वो हिमाचल का पक्ष रखने पहुंचे इसमें 3000 करोड़ के एमओयू साइन किए। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में एक दो उद्योग पहले भी छोड़ कर जाते रहे हैं। मगर उद्योगों के पलायन की बात सरासर गलत है। हर्षवर्धन चौहान, उद्योग मंत्री हिमाचल

वहीं स्क्रैप पॉलिसी को लेकर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि उद्योग विभाग ने स्क्रैप पॉलिसी बनाकर 2 महीने पहले ही मुख्य सचिव को भेज दी है।

### 28 तक बिजली उपभोक्ता जमा करवाए बिल

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी। विद्युत उपमंडल** हरोली के तहत आने वाले सभी उपभोक्ता 28 फरवरी से पहले अपने बिजली के बिल जमा करवा दें। जानकारी देते हुए विद्युत उपमंडल हरोली के एसडीओ सुरेश कुमार ने बताया कि हरोली उपमंडल के तहत आने वाले सभी उपभोक्ता अपने बिजली के बिलों की बकाया राशि 28 फरवरी से पहले जमा करवाएं। अन्यथा विभाग कानूनी प्रक्रिया के तहत समय पर बिल न जमा करवाने वालो के बिजलीं के कनेक्शन बिना किसी पूर्व सूचना के काट दिए जाएंगे।

## नगर परिषद नाहन को लेकर डा. बिंदल का कांग्रेस पर बड़ा हमला

**टीम एक्शन इंडिया/नहान/एसपी जैरथ**

**भारतीय जनता** पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिन्दल ने गत दिवस को कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से मानसिक दिवालियेपन पर आ गई है। नगर परिषद नाहन की घटना का विषय रखते हुए डॉ. बिन्दल ने कहा कि नगर परिषद शुद्ध रूप से स्वतंत्र काम करने वाली लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंतर्गत चुनी हुई परिषद है जो नगर पालिका के कार्यों का संचालन करती है और अपने निर्णय लेने में स्वतंत्र है। परन्तु नाहन की कांग्रेस पार्टी ने नाहन नगर परिषद को सत्ता



में आने के बाद से लगातार दबाव में रखा है जिसके कारण शहर के विकास कार्य लगातार बाधित हो रहे हैं। कांग्रेस के सत्ता में आते ही स्थानीय विधायक के निर्देश पर परिषद को मिलने वाली ग्रांट कम कर दी गई और जो राशि प्रदेश सरकार से मिली थी उसकी आधी राशि वापिस ले ली। नगर परिषद के अधिकारियों, कर्मचारियों को डरा धमका कर विकास कार्यों को बंद करवा दिया। कांग्रेस पार्टी के गलत हस्तक्षेप के कारण नाहन नगर परिषद जो स्वच्छता सर्वेक्षण में हिमाचल प्रदेश में प्रथम स्थान पर आई थी, वह अब अंतिम स्थान पर पहुंच गई क्योंकि कांग्रेस के नेता अधिकारियों, कर्मचारियों को केवल भाई-भतीजावाद के लिए प्रोमोट कर रहे हैं।

## नशे से दूर रहने के बारे में कार्यक्रम प्रस्तुत कर विस्तृत जानकारी दी

टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी

प्रदेश सरकार के एक साल पूरे होने पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा चलाये जा रहे विशेष प्रचार अभियान के अंतिम चरण के तहत मनाली विधानसभा क्षेत्र की दुआड़ा व कटराईं पंचायतों में आज विभाग द्वारा अनुमोदित मन्नत कला मंच कुल्लु के कलाकारों द्वारा लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं व नशे से दूर रहने के बारे में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर विस्तृत जानकारी दी गई।आज हुए कार्यक्रमों में मंच के कलाकारों ने समूहगीत, खुशी की लहर आई, हिमाचल सरकार सबके चेहरे पे इक नई मुस्कान लाई लोकगीत



म्हारी सरकारे नवीं नवीं योजना चलाई, लोक नाट्य, सुख का एक वर्ष के माध्यम से बेहतरीन प्रस्तुति देते हुए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। मंच के कलाकारों ने नाटक प्रस्तुत करते हुए नशे से दूर रहने के लिए लोगों का आवाहन किया उन्होंने बताया कि सरकार की पहली कैबिनेट में पुरानी पेंशन की बहाली की घोषणा से राज्य के लगभग एक लाख छत्तीस हजार

**सीधा लाभ**

**8 पुरानी पेंशन की बहाली की घोषणा से एक लाख छत्तीस हजार एनपीएस कर्मचारियों को सीधा लाभ पहुंचा**

एनपीएस कर्मचारियों को सीधा लाभ पहुंचा है, जिससे उन्हें सम्मान व वित्तिय सुरक्षा प्राप्त हुई है। वृद्धाश्रम में रहने वालों हेतु त्यौहार अनुदान योजना चलाई जिसके तहत 500 रुपये दिये जा रहे है, कौशल विकास निगम के माध्यम से बेरोजगार युवाओं के रोजगारोन्मुख कई कम अवधि के प्रशिक्षण कोर्स करवाये जा रहे हैं जिससे युवा अपने लिये रोजगार सृजन कर आत्मनिर्भर बन सके, हरित ऊर्जा क्रांति लाने के उद्देश्य से बेरोजगारों को व्यावसायिक ई वाहन लेने के प्रति भी प्रोत्साहित किया जा रहा है जिसमें सरकार 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दे रही है, जिसमें अधिकतम सीमा 50 लाख रुपए तक रखी गई है।इसके अलावा सरकार गांव के द्वार, विधवा पुनर्विवाह योजना, आपदा राहत कोष आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कलाकारों ने कार्यक्रम के साथ साथ उपस्थित जनसमूह को योजनाओं सम्र्बंधित प्रचार सामग्री भी वितरित की ताकि लोगों को ज्यादा से ज्यादा जानकारी हासिल हो सके।

## मीडिया की योजनाओं व कार्यक्रमों को लोगों तक पहुंचाने में अहम भूमिका रहती है: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**उपायुक्त कुल्लू** तोरुल एस रवीश ने गत दिवस को पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत के दौरान कहा कि मीडिया की विभिन्न विकासात्मक योजनाओं व कार्यक्रमों को लोगों तक पहुंचाने तथा योजनाओं की फीडबैक देने में अहम भूमिका रहती है। उन्होंने पत्रकारों से विभिन्न विषयों पर सुझाव आमंत्रित किये तथा उम्मीद जताई कि दोनों के आपसी सहयोग से जिले के विकास को नई दिशा मिलेगी।इस दौरान पत्रकार उन्होंने



द्वारा, पर्यटन, हथकरघा क्षेत्र को जिले में सुदृढ़ करने सम्बन्धी अनेक सुझाव दिये। उन्होंने पत्रकारों को आश्वस्त किया किया कि उनके सुझाव व चिंताओं को गंभीरता से लिया जाएगा तथा सकारात्मक दिशा में कदम उठाए जायेगे।

# बजट चर्चा सत्ता पक्ष और विपक्ष ने एक-दूसरे पर छोड़े शब्द बाण

## अपने अधिकार लेने दिल्ली जंतर मंतर पर जाना पड़ेगा सरकार को: नेगी

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**हिमाचल प्रदेश** विधानसभा में गत दिवस को राज्य के वर्ष 2024-25 के बजट पर चर्चा के अंतिम दिन सत्ता पक्ष और विपक्ष ने एक-दूसरे को शब्दों के बाणों से घेरने का प्रयास किया। सत्तापक्ष ने जहां केंद्र पर हिमाचल के साथ खासकर आपदा के समय भेदभाव का आरोप लगाया, वहीं विपक्षी सदस्यों ने कहा कि बजट में झूठी घोषणाएं की गई हैं। इससे सदन में माहौल काफ ी गरमाया रहा और विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को कई बार हस्तक्षेप कर माहौल शांत करना पड़ा। बजट चर्चा में हिस्सा लेते हुए राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि केंद्र सरकार हिमाचल के साथ लगातार भेदभाव कर रही है। उन्होंने कहा कि यह भेदभाव न केवल हिमाचल के साथ, बल्कि सभी गैर भाजपा शासित राज्यों के साथ हो रहा है और केरल तथा कर्नाटक के जनप्रतिनिधियों को अपना हक लेने के लिए दिल्ली के जंतर मंतर पर अपनी आवाज बुलंद करनी पड़ी। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि अब हिमाचल को भी अपने अधिकार लेने के लिए दिल्ली में जंतर मंतर पर ही जाना पड़ेगा। नेगी ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि बीजेपी अभी बच्चों की पार्टी है और इसका जन्म वर्ष 2014 के बाद हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग अभी बच्चे हैं। इसलिए रोते रहते हैं, लेकिन हम उन्हें माफ कर देते हैं। उन्होंने कहा कि योजना आयोग और वित्तायोग जैसी संस्थाएं केंद्र और राज्यों के बीच कड़ी का काम करती थी, लेकिन केंद्र ने इन्हें खत्म कर इस संपर्क को तोड़ दिया है। इसके चलते हिमाचल जैसे राज्य को वित्तीय तौर पर अत्यधिक नुकसान हुआ है। भाजपा सदस्य सतपाल सिंह सत्ती ने चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि ईवीएम पर हारने का दोष लगाना अनपढ़ों जैसी बात है। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस इन्हीं ईवीएम से जीतती है तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं होती, लेकिन हारते ही सारी जिम्मेदारी ईवीएम पर डाल दी जाती है। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय तकनीक का समय है और ऐसे में अब कांग्रेस को भी अपनी सोच बदलनी चाहिए। उन्होंने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह की सराहना की और पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह की यह कहते हुए प्रशंसा की कि उन्होंने देश में पहली बार हिमाचल में धर्म परिवर्तन के खिलाफ कानून पारित कर मिसाल पेश की थी।



# डीएवी पब्लिक स्कूल मे 12 वीं कक्षा के 853 में से 852 विद्यार्थियों ने दी अंगेजी विषय की परीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**जिला भर के** आठ परीक्षा केंद्रों में वीरवार को सीबीएसई 12वीं कक्षा की अंग्रेजी विषय की परीक्षा हुई। जिसमें जिलाभर के विभिन्न सीबीएसई संकाय स्कूलों के 853 में से 852 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इन विद्यार्थियों की परीक्षा सुबह 10:30 से शुरू होकर दोपहर 1:30 बजे समाप्त हुई। विद्यार्थी परीक्षा से एक घंटा पूर्व ही पहुंच गए थे। वहीं इस बारे डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर के प्रधानाचार्य व परीक्षा के जिला समन्वयक विश्वास शर्मा ने कहा कि जिलाभर में सीबीएसई परीक्षाओं के लिए आठ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर, टीआर डीएवी कांगू, हमीरपुर पब्लिक स्कूल हमीरपुर, केंद्रीय विद्यालय, हमीरपुर, केंद्रीय विद्यालय नादौन, सेवन स्टॉर सीनियर सैकंडरी स्कूल बनी ए ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल जाहू तथा जे एन वी डुंगरी विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

जिनमें वीरवार को 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। उन्होंने कहा कि जिलाभर से 853 में से 852 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इसमें डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर में 276 मे से 276 जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी में 71 में से 70, ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल जाहू में 125 मे से 125, टीआर डीएवी कांगू में 16, केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर में 68 मे से 68, सेवन स्टॉर पब्लिक स्कूल बणी में 166 मे से 166, हमीरपुर पब्लिक स्कूल मे 85 मे से 85 व केंद्रीय विद्यालय नादौन में 46 बच्चों में से 46 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में हुई।



# नमो हैट्रिक के साथ हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से अपनी हाई–5 भी करेंगे केंद्रीय मंत्री: उषा बिरला

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**नमो हैट्रिक के** साथ हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से केंद्रीय मंत्री एवं लोकप्रिय सांसद अनुराग ठाकुर जी अपनी लगातार 5वीं जीत दर्ज करके हाई-5 भी करने जा रहे हैं। यह बात बुधवार को यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में हमीरपुर जिला भाजपा की उपाध्यक्ष उषा बिरला ने कही। उन्होंने कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में समय-समय पर अपने खर्चे पर अनूठी योजनाएं चलाकर अनुराग जी ने जनता को लाभ दिया है।

**हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में समय-समय पर अपने खर्चे पर अनूठी योजनाएं चलाकर दिया जनता को लाभ**



इस कड़ी में उनकी वर्तमान पहल महिला पहाड़ी संगीत कार्यक्रम है, जिसके माध्यम से प्रदेश की महिलाओं को अपना हुनर दिखाने का एक मंच मिला है, साथ ही हिमाचली गानों को भी तवज्जो मिली है। बिरला ने कहा कि अनुराग ठाकुर सही मायने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सोच को साकार कर रहे हैं एवं सेवा ही संकल्प के मार्ग पर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिला पहाड़ी संगीत प्रतियोगिता कार्यक्रम एक बहुत ही अनूठा प्रोग्राम है जिसके माध्यम से अनुराग ठाकुर ने हिमाचली संस्कृति और क्षेत्रीय रीति रिवाज को फिर से जीवंत किया है। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों में स्थानीय महिलाएं भी काफी उत्साह से भाग ले रही हैं। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों में पहाड़ी गाने, मंगल गीत, घोडियां, सुहाग इत्यादि बहुत ही रोमांचक ढंग से प्रस्तुत किए जा रहे हैं जिसके लिए हमीरपुर जिला की मातृशक्ति केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का तहे दिल से आभार व्यक्त करती है।

# जिला की पहली आर्मी ऑफिसर बनी मनवीन कौर

## आर्मी ऑफि सर बनी मनवीन कौर, दूसरा स्थान प्राप्त कर रोशन किया सिरमौर का नाम

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**गुरु की नगरी** पांवटा साहिब निवासी मनवीन कौर जिला सिरमौर की पहली आर्मी ऑफि सर बनने का रुतबा हांसिल किया है। मनवीन कौर इलेक्ट्रिकल में इंडियन आर्मी में स्थान प्राप्त किया और देश में दूसरा रैंक पाया है। मनवीन कौर जिला सिरमौर की पहले आर्मी ऑफिसर बनकर आई है। जिसके बाद जहां माता-पिता समेत परिजनों में खासा उत्साह है। वही मनवीन ने जहां से अपनी शुरूआती शिक्षा ग्रहण की। पांवटा के उन स्कूल में भी जशन का माहौल है। मीडिया से रूबरू हुई जिला सिरमौर की आर्मी में पहली ऑफिसर बनी मनविन कौर ने कहा कि उन्होंने अपनी शुरूआती शिक्षा पांवटा साहिब के एक निजी स्कूल से प्राप्त की। मनवीन की कड़ी मेहनत माता-पिता का सहयोग और स्कूल में गुरुजनों के मिले आशीर्वाद के चलते आज वह इस मुकाम पर पहुंची है। जिसके बाद वह बेहद खुश है। इंडियन आर्मी में दूसरा स्थान प्राप्त कर मनवीन कौर ने अपने पिता भूपेंद्र सिंह और माता मनप्रीत कौर समेत स्कूल के शिक्षकों को भी गौरवान्वित किया है।

मनवीन ने उपस्थित छात्रों व अध्यापकों के साथ अपने विचार सांझा करते हुए बताया कि किस तरह से उसने अपनी लगन व मेहनत से यह स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि अपने सपनों को हकीकत में बदलने के लिए मजबूत इरादे तथा त्याग सर्वोपरि की आवश्यकता है।



## न्यूज फ्लैश

### कन्दरौर स्कूल की छात्रा प्रियल शर्मा ने उत्तीर्ण की जेईई मेंस परीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर। राजकीय वरिष्ठ** माध्यमिक पाठशाला कंदरौर में जमा दो की छात्रा प्रियल शर्मा ने जेईई मेंस की परीक्षा 95.42 प्रतिशत से उतीर्ण की। जिससे प्रियल शर्मा के परिवार और विद्यालय में हर्ष का माहौल है। इस मौके पर प्रियल शर्मा के अध्यापकों ने उसके सुनहरे भविष्य की कामना की। अध्यापक राजेंद्र गौतम ने कहा कि प्रियल शर्मा शुरू से ही बहुत ही होनहार विद्यार्थी है तथा इसने अन्य विद्यार्थियों के सामने एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। प्रियल के पिता बड्डू डढोग में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत हैं और माताजी रसायन विज्ञान की प्रवक्ता सरकारी स्कूल मे कार्यरत है। अपनी बेटी की इस उपलब्धि पर उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कंदरौर के प्रधानाचार्य और अध्यापकों का धन्यवाद किया है। क्योंकि सरकारी स्कूलों में बिना कोचिंग के इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल करना गर्व की बात है।



### बिलासपुर की बेटी नेहा भारतीय सेना में बनी मेजर

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर। नगर** के साथ सटे निहाल की बेटी नेहा कुमारी भारतीय सेना में मेजर बनी है, जोकि जिला के लिए गौरव का विषय है। नेहा को भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट से मेजर के पद पर पदोन्नति मिली है। उनके परिवार में पिता पुलिस विभाग में सहायक उप निरीक्षक हैं, जबकि मां एक गृहिणी हैं, छोटी बहन एसजेवीएन में लेखा सह वित्त अधिकारी के रूप में काम कर रही हैं और छोटा भाई हिमाचल प्रदेश के केंद्रीय विश्वविद्यालय से पर्यटन विषय में डॉक्टरेट कर रहे हैं। नेहा कुमारी ने अपने परिवार के साथ न केवल गौरव को बढ़ाया है, बल्कि पूरे जिले को भी सम्मानित किया है।



# 'ध्यान करने से जीवन रहेगा तनाव मुक्त, मिलेगा सही मार्गदर्शन'

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

शिवा बीएड कॉलेज घुमारवीं में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सुप्रसिद्ध हिप्नोथेरेपीस्ट कॉपोरेट काउंसलर व प्रेरक वक्ता डॉ‍ण सचिन पर्व द्वारा स्मार्ट स्ट्रेस मैनेजमेंट एंड राइट थिंकिंग विषय पर एक अतिथि व्याख्यान दिया गया। शिवा ग्रुप के प्रबंध निदेशक इंजीनियर पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय घूमारवीं युनिट के सहयोग से यह व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें रिटायर्ड डिप्टी डायरेक्टर शिक्षाविद जोगिंदर राव ने विशेष अतिथि वह अन्य गणमान्य लोगों ने उपस्थिति दर्ज की। शिवा परिवार की तरफ से शिवा ग्रुप की कार्यकारी निदेशिका मधु शर्मा व प्राचार्य डॉक्टर सुनील कुमार शर्मा ने मुख्य वक्ता व अन्य अतिथियों का टोपी, शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डॉक्टर सचिन ने अपने व्याख्यान में प्रशिक्षुओं व मौजूद लोगों से ध्यान मुद्रा अभ्यास करवाया व उसके फायदे भी बताये। उन्होंने कहा कि ध्यान, राजयोग से जीवन को तनावमुक्त व स्वस्थ रखा जा सकता है। आज की युवा पीढ़ी का नशे में डूबने को उन्होंने गंभीर विषय बताया। इस अवसर पर सभी को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर कॉलेज की तरफ से विद्यार्थियों सहित स्टाफ ब्रह्माकुमारी की तरफ से ई. अत्री व घुमारवीं, सरकाघाट यूनिट की सदस्याएं भी मौजूद रहीं।



# 5 दिनों के बाद शहर के कुछ वार्डो में हुई पानी की सप्लाई

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष। सोलन शहर** में वीरवार को लोगों को 5 दिनों के बाद पानी की सप्लाई मिली है जिसको लेकर निगम ने लोगों से पानी का सदुपयोग करने के अपील की है। निगम की मेयर उषा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया है कि शहर के कुछ वार्डों में आज पानी की सप्लाई निगम की ओर से दी गई हैए वहीं अन्य बचे हुए वार्डों में कल पानी की सप्लाई को दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ट्रांसफ र्मर खराब होने की वजह से पानी की सप्लाई शहर में रुक गई थी जिस कारण लोगों को पानी की किल्लत हो रही थी।

# उपायुक्त ने जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र प्रबंधन समिति की समीक्षा बैठक की

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**उपायुक्त तोरुल** एस रवीश ने गत दिवस को जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र प्रबंधन समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने ने जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र प्रबंधन को निर्देश दिये कि वे स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जिले के दूरदराज गांवों में चिकित्सा जांच शिविर आयोजित करें ताकि दिव्यांग जनों को उनके घर द्वार के निकट स्वास्थ्य जांच सुविधा मिल सके और साथ ही नए दिव्यांग जनों की भी पहचान सुनिश्चित हो सके। बैठक में बताया गया कि पिछली तिमाही में जिले में 35 दिव्यांग जनों को 1,74,700 रुपये के उपकरण निशुल्क प्रदान किये गये जिनमे कृत्रिम अंग, व्हील चेयर, वाकिंग स्टिक, हियरिंग मशीन, ऑक्सील्ला क्रच, लांग कैन व स्मार्ट केन शामिल है। उन्होंने कहा कि सहायता व उपकरणों के लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में आशा कार्यकर्ता व आंगनबाड़ी कार्यकताओं का खण्ड स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का किया जाएगा ताकि आशा कार्यकर्ता व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दिव्यांग जनों की पहचान व उनके अन्य विषयों के बारे में जानकारी हासिल कर सके। इसके उपरांत उपायुक्त ने एकीकृत पुनर्वास केंद्र महिला भुंतर की प्रबंधन समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की उन्होंने कहा कि भुंतर स्थित नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में 27 लाख 61 हजार की लागत से ओपीडी भवन का निर्माण किया जा रहा है ताकि यहां आने वाले मरीजो को ओर बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके।



# कोटधार नलवाड़ मेले को लेकर तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**झंडूता विधानसभा** क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत कलोल के प्राचीन शिव मंदिर आयोजित होने वाले तीन दिवसीय कोटधार नलवाड़ मेला को लेकर जनता द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। इस बाबत कोटधार नलवाड़ मेला समिति की बैठक समिति के प्रधान कैप्टन ज्ञानचंद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कोटधार नलवाड़ मेला समिति के महासचिव अमरनाथ धीमान ने बताया कि इस बैठक में मेले की रूपरेखा वारे विचार-विमर्श किया गया तथा मेले के सफ ल आयोजन हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। निर्णय लिया गया की सभी लोगों के सहयोग से पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेला बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा तथा मेले के मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा विशाल दंगल का आयोजन होगा। जिसके लिए समिति के पदाधिकारी अपने-अपने कर्तव्यों का कर्तव्य निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। इस मेले को लेकर कोटधार की जनता में भारी उत्साह है। मेले यहां की धरोहर हैं, ऐसे मेलों से स्थानीय संस्कृति को प्रोत्साहन मिलता है तथा छुपी हुई प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मौका मिलता है। अमरनाथ धीमान ने समस्त इलाका निवासियों से इस मेले को सफ ल बनाने का आह्वान किया है तथा अपना पूर्ण सहयोग देने की अपील की है। यह मेला 28 मार्च से 30 मार्च 2024 तक चलेगा।

**संपन्न**

**8 कोटधार नलवाड़ मेला समिति की बैठक समिति के प्रधान कैप्टन ज्ञानचंद की अध्यक्षता में संपन्न हुई**

# लोकसभा चुनाव को लेकर सोलन में आयोजित हुई भाजयुमो की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**

**लोकसभा चुनाव** की तैयारी को लेकर वीरवार को जिला मुख्यालय सोलन में स्थित भाजपा कार्यालय में में भाजयुमो की एक बैठक आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता शिमला लोकसभा प्रभारी सुशील कडशोली ने की, उन्होंने कहा कि भाजयुमो साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है और इसको लेकर बूथ स्तर पर कार्य किया जा रहा है। वहीं इस दौरान लोगों को केंद्र सरकार की योजना के बारे में और प्रदेश सरकार की नाकामियों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर भी तंज कसते हुए कहा की प्रदेश सरकार कह रही है कि आपदा के समय केंद्र से कोई राहत पैकेज नहीं मिला आखिर जब हिमाचल में आपदा आई थी तो इनका कौन सा बड़ा नेता है हिमाचल की सुध लेने पहुंचा, प्रदेश सरकार अभी तक 15000 करोड़ का कर्ज ले चुकी है आखिर उन्होंने सिर्फ 1 साल का जश्न मनाने के लिए कर्ज लिया था। चुनावो के समय तो उन्होंने बड़ी-बड़ी गारंटरयां दी थी और आज मुकर रहे है, शिक्षित युवा इन दिनों सडकों पर है आखिर कहां गई उनकी पहली कैबिनेट में एक लाख नौकरियांए, प्रदेश सरकार सिर्फ अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए केंद्र पर छीटाकशी कर रही है उन्होंने कहा की आगामी लोकसभा चुनाव में फिर भारतीय जनता पार्टी फ ेन बहुमत के साथ केंद्र में सरकार बनाएगी जिसमें युवा मोर्चा को जो भी कार्य भार मिलेगा उसका हम निर्वहन करेंगे।



**तैयारी पूरी**

**8 भाजयुमो साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है**

# पंचायत सदस्य के दो पदों के लिए 25 को होगा मतदान

**हमीरपुर। विकास खंड भोरंज** की ग्राम पंचायत लुद्दर महादेव के वार्ड नंबर-4 गांव भजलाह और ग्राम पंचायत मुंडखर के वार्ड नंबर-5 गांव मुंडखर गैंडा में पंचायत सदस्य के खाली पदों के लिए 25 फरवरी को सुबह 8 बजे से सायं 4 बजे तक मतदान होगा। इसके बाद मतगणना होगी और परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) अमरजीत सिंह ने बताया कि इन दोनों वार्डों में मतदान प्रक्रिया और मतगणना को शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं।

# राजस्व जिला बद्दी के टोल टैक्स बैरियर की नीलामी एवं निविदा प्रक्रिया सम्पन्न

टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष

प्रदेश राजस्व कर एवं आबकारी विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए राजस्व जिला बद्दी के विभिन्न टोल टैक्स बैरियर की नीलामी 43.07 करोड़ रुपए में की गई है। नीलामी एवं निविदा प्रक्रिया गत देर सांय सम्पन्न हुई। यह जानकारी गत दिवस को राज्य कर एवं आबकारी विभाग के राजस्व जिला बद्दी के उप आयुक्त सोमदत्त शर्मा ने दी। उन्होंने कहा कि उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने नीलामी प्रक्रिया की अध्यक्षता की। जिला आबंटन समिति में दक्षिण जोन के जोनल समाहर्ता विवेक चौहान, राज्य कर एवं आबकारी विभाग के संयुक्त आयुक्त उज्जवल सिंह राणा तथा वह स्वयं उपस्थित रहे। सोमदत्त शर्मा ने



कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राजस्व जिला बद्दी के विभिन्न टोल टैक्स बैरियर की नीलामी से वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में 8.63 करोड़ रुपए अधिक प्राप्त हुए हैं। गत वर्ष इस नीलामी से 34.44 करोड़ रुपए प्राप्त हुए थे। वर्ष 2024-25 के लिए राजस्व जिला बद्दी के टोल टैक्स बैरियर नीलामी प्रक्रिया से गत वर्ष की तुलना में 25.05 प्रतिशत की बढ़ौतरी हुई है। उप आयुक्त ने कहा कि वर्ष 2024-25 के लिए बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ के 12 टोल टैक्स बैरियर, नीलामीकर्ता जतिन्द्रा ऐसोसिएटस को प्राप्त हुए। नीलामी प्रक्रिया में कुल 03 नीलामीकताओं ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि नीलामी प्रक्रिया में राजस्व जिला बद्दी के बद्दी एवं बरोटीवाला तथा ढेरोवाल इकाईयों की नीलामी हुई। उन्होंने कहा कि ढेरोवाल इकाई के 06 टोल टैक्स बैरियर की नीलामी से वर्ष 2024-25 में कुल 17.75 करोड़ रुपए प्राप्त हुए। यह गत वर्ष की तुलना में 40 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023-24 में ढेरोवाल टोल टैक्स बैरियर इकाई की नीलामी 12.72 करोड़ रुपए में हुई थी। सोमदत्त शर्मा ने कहा कि वर्ष 2024-25 के लिए बद्दी एवं बरोटीवाला टोल टैक्स बैरियर इकाई की नीलामी से 25.32 करोड़ रुपए प्राप्त हुए। यह गत वर्ष की नीलामी से 16 प्रतिशत अधिक है।

# लाहुल पोटेटो सोसायटी के अध्यक्ष ने दिया पद से त्यागपत्र

**टीम एक्शन इंडिया/ मनाली/ राज अग्रवाल**

**एशिया की दूसरी** सबसे बड़ी को-ऑपरेटिव सोसायटी लाहुल पोटेटो सोसायटी के अध्यक्ष सुदर्शन जस्पा ने अध्यक्ष पद से इस्तीफ ा दे दिया। मनाली में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने यह जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2017 में एलपीएस में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं कुप्रबंधन के खिलाफ उन्होंने न केवल सडको पर आन्दोलन किया बल्कि कानूनी प्रक्रिया से भी लड़ाई लड़ी परिणाम स्वरूप तत्कालीन प्रबंधन समिति को सभा से बाहर का रास्ता दिखाया गया। बर्ष 2019 में सम्पन्न हुए सभा के चुनावों में किसानों के भारी समर्थन से उन्हें सभा का अध्यक्ष चुना गया। उन्होंने बताया कि सभा बर्ष 2010 से लगातार घाटे में चल रही थी साथ ही सभा पर कांगड़ा



बैंक, एनसीडीसी तथा सरकारी भागधन के तौर पर 13.5 करोड़ का कर्ज था लेकिन वर्तमान प्रबंधन ने प्रशासनिक सुधार के साथ-साथ सभा के व्यापार को सुदृढ़ करने तथा नए संसाधनों का निर्माण कर सभा की आमदनी को दोगुना करते हुए बीज आलू के व्यापार से सम्बंधित विसंगतियों को दूर करते हुए लगातार ऐतिहासिक दाम किसानों को दिए वही बिना किसी नए कर्जे के एनसीडीसी के लोन को समाप्त किया लेकिन कर्जा अत्याधिक होने के कारण सभा के होटल की नीलामी का संकट खडा हुआ है ऐसे में उम्मीद के तौर पर सभा के रायसन यूनिट के मुआवजे के तौर पर सरकार के पास पड़े 4.5 करोड़ रू. प्राप्त करने की कोशिशें पूर्व सरकार तथा वर्तमान सरकार में भी की गयी लेकिन सफ लता नहीं मिली। इसलिए अपने बोर्ड सदस्यों के आग्रह पर सभा के हित में अपना त्यागपत्र देने जा रहे है। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि विधायक रवि ठाकुर अपने वायदे के मुताबिक. तय समय सीमा में सभा को 4.5 करोड़ रू. सरकार से दिला कर सभा को कर्ज मुक्त करते हुए सभा के होटल की नीलामी पर रोक लगाएंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि वह किसानों और सभा के हित की लड़ाई लड़ते रहेंगे।

# रामपुर उप-मण्डल में 5275 बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो ड्रॉप्स

**टीम एक्शन इंडिया/ रामपुर बुशहर/ लिहांटू**

**रामपुर उप-मण्डल में** 03 मार्च को पिलाई जाने वाली पल्स पोलियों अभियान की तैयारियों को लेकर आज उप-मण्डलाधिकारी नागरिक रामपुर के सभा में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उप-मण्डलाधिकारी नागरिक रामपुर निशान्त तोमर ने जानकारी दी कि इस बार रामपुर उप-मण्डल में 62 बूथ स्थापित कर 0 से 5 वर्ष की आयु के 5275 बच्चों को पल्स पोलियों की ड्रॉप पिलाई जानी है। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए की पल्स पोलियो अभियान को सफ ल बनाने के



लिए सभी तैयारियों को पूर्ण कर लें इस अभियान में कोई कमी नहीं रह जानी चाहिए और कोई भी 0 से 5 वर्ष का बच्चा पोलियों ड्रॉप से वंचित नहीं रहना चाहिए। खण्ड चिकित्सा अधिकारी रामपुर डॉ. आरके नेगी ने जानकारी दी कि इस अभियान को सफ ल बनाने के लिये रामपुर उप-मण्डल में स्वास्थ्य परिवार एवं कल्याण/आयुष विभाग के अतिरिक्त आंगनवाड़ी वर्कस व स्वयं सहायता समूह के 128 टीमें बना कर 256 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

पोलियों अभियान को सफल बनाने के लिए दो ट्रांजिट बूथ स्थापित किया जाएगा जो एक बदाल में व दूसरा सुंगरी में स्थापित किया जाएगा, इसके अलावा दो मोबाईल टीमें भी होगें। जो बच्चा इस दिन पल्य पोलियों बूंद पीने से रह जाता है उसे अगले दो दिन घर-घर जा कर पोलियों ड्राप पिलाई जाएगी। बैठक में विकास खण्ड अधिकारी शीला ठाकुर, एमएस डॉ. प्रकाश, एएमओ ज्योत्सना शर्मा के अतिरिक्त विभिन्न विभागों के अधिकारी ने भी भाग लिया।

# देवभूमि सवर्ण संगठन का शिमला के चौड़ा मैदान में धरना बोले: सामान्य आयोग के गठन की मांग

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**देवभूमि सवर्ण संगठन** की अन्न त्याग तिरंगा यात्रा आज शिमला पहुंची। संगठन ने चौड़ा मैदान में सवर्ण आयोग के एक्ट को विधान सभा से पारित करने को लेकर आवाज बुलंद की। सवर्ण संगठन ने सरकार से मांग की है कि उनके साथ समाज में भेदभाव हो रहा है। वर्तमान सरकार अगर सवर्ण समाज के लोगों की मांगे नही मानती है तो यहीं पर आमरण अनशन शुरू किया जाएगा। देवभूमि सवर्ण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मदन ठाकुर ने कहा कि 14 फ रवरी से कुल्लू से शुरू हुई यात्रा शिमला पहुंची हैं। संगठन मांग करता



है कि स्वर्ण आयोग एक्ट को विधान सभा से पारित किया जाए, भर्तियों में सामान्य वर्ग के साथ भेदभाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि ैं में प्रदेश सरकार संशोधन करें। पिछली सरकार ने इसमें कुछ संशोधन कर लॉलीपॉप देने की कोशिश की लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की आर्थिकी को मजबूती देने के लिए भांग की खेती को आयुर्वेदिक दृष्टि से कानूनी मान्यता दी जानी चाहिए।

## सफाई कर्मचारियों को दी जाएं बेहतर सुविधाएं : पंवार

**धर्मशाला। राष्ट्रीय** सफाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्ष अंजना पंवार की अध्यक्षता में वीरवार को उपायुक्त कार्यालय परिसर में सफाई कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों की समस्याओं के निदान तथा पुनर्वास व स्वरोजगार के लिए चलाए गए विभिन्न प्रकल्पों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्ष अंजना पंवार ने कहा सफाई कर्मचारी समाज का अभिन्न हिस्सा हैं तथा स्वच्छ अभियान को सफल बनाने में सफाई कर्मचारियों ने अहम भूमिका निभाई है।

# चुनाव आयोग ने आम चुनाव को लेकर कसी कमर

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**आगामी लोकसभा** चुनाव के दृष्टिगत जिला मुख्यालय ऊना में चुनावों से संबंधित जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर, एसैंबली स्तरीय मास्टर ट्रेनर, सेक्टर मैजिस्ट्रेट, मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट टीम व व्यय निगरानी टीमों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने किया। एडीसी ऊना महेंद्र पाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव के मध्यनज? जिला प्रशासन ऊना द्वारा विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को चुनावी प्रक्रिया से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।



अतिरिक्त उपायुक्त ने प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे इस महत्वपूर्ण कार्यशाला को गंभीरता से लें तथा इस दौरान अपनी सभी शंकाओं को स्पष्ट कर लें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बार चुनावों में कुछ नए नियम व दिशा निर्देश लागू होते हैं, इसलिए ऐसे अधिकारी व कर्मचारी जिन्होंने पूर्व में अनेकों बार चुनाव संबंधी ड्यूटी में हिस्सा लिया है, उन्हें भी इस चुनाव प्रशिक्षण कार्यशाला में दी जा रही प्रत्येक जानकारी को ध्यानपूर्वक सुनने व समझने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का एक सशक्त लोकतांत्रिक देश है तथा स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव इसकी उन्नति का मूल आधार है। उन्होंने कहा कि चुनाव संबंधी ड्यूटी किसी भी व्यक्ति का देश व लोकतंत्र प्रति सर्वोच्च एवं महत्वपूर्ण कर्तव्य है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति चुनावी ड्यूटी को संपूर्ण निष्ठा व ईमानदारी के साथ करें। प्रशिक्षण कार्यशाला में सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम विवेक महाजन ने चुनावों से संबंधित योजनाबद्ध प्रबंधन, संवेदनशील मतदान केंद्रों के बिषय में, सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम हरोली राजीव ठाकुर ने मतदान दल तथा मतदान दिवस पर प्रबंधन बारे, सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान ने ई-रोल व आदर्श चुनाव आचार संहिता, सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम बंगाणा मनोज कुमार ने ईवीएम व वीवीपैट व मतगणना तथा परिणाम घोषित करने वारे, तहसीलदार निर्वाचन सुमन कपूर तथा नायब तहसीलदार निर्वाचन अजय कुमार शर्मा ने चुनावों के दौरान खर्च की निगरानी तथा एमसीएमसी के विषय में तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस नरेंद्र कुमार ने स्वीप से संबंधित जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर विभिन्न उपमंडलों के सहायक निर्वाचन अधिकारी (एसडीएम), नोडल अधिकारी, सहायक व्यय पर्यवेक्षक, फ्लाइंग सर्विलांस टीम, स्टेटिक सर्विलांस टीम के अलावा राजस्व, निर्वाचन तथा पुलिस विभाग सहित कई अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# भीमराव अंबेडकर पार्क में लगे झूले लंबे समय से पहले टूटे

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**नगर परिषद संतोषगढ़** के वार्ड नंबर पांच में स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क में लगे झूले पिछले लंबे समय से टूटे पड़े हुए है। जिसके चलते प्रतिदिन पार्क में आने वाले बच्चों को चोटें लगने का डर लगा रहता है। पार्क में जहां झूले टूटे हुए है, तो वहीं साफ-सफाई की भी कोई खास व्यवस्था नहीं है। पार्क की समस्या को लेकर नगर परिषद को भी अवगत करवाया गया, लेकिन कोई सुधार नहीं हो पाया। बता दें कि नगर परिषद के वार्ड 5 में स्थित डा. भीमराव अंबेडकर पार्क में लगे झूले टूटे हैं। हालत यह है कि पार्क में बैठने वाली कुसीर्यां भी टूटी



हुई है, जो कि पत्थर के सहारे टिकी हुई है। पार्क में जगह गंदगी ही गंदगी पड़ी हुई है। करीब 8 माह पहले समस्या को लेकर नगर परिषद को समाजसेवी बलराम महे अवगत भी कराया था, लेकिन नगर परिषद के कान पर जूं न रेंगी। जिससे साफ है कि नगर परिषद को इसकी कोई परवाह नहीं हैं। हालांकि पार्क से कुछ मीटर पर मौजूदा नगर परिषद की प्रधान का घर है और उसका इस पार्क में आना जाना लगा रहता है और लगभग प्रधान का आने-जाने का रास्ता भी पार्क से हो कर जाता है।

## भटोली में रविदास जयंती पर निकाली प्रभात फेरी

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**श्री गुरु रविदास** जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में प्रभात फेरीयां निकाली जाती है। वीरवार को श्री गुरु रविदास महाराज सभा भटोली व ग्रामीणों ने गुरु रविदास जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी सुबह लगभग 4 बजे शुरू की गई और गांव की परिक्रमा करते हुए श्री गुरु रविदास जी महाराज की महिमा का गुणगान किया। इस



अवसर पर दर्शन महली, गुरमेल सिंह, जीत राम, कमल, मोहन, कवि दत्त, रोहित, अभिषेक सिंह, दमन सिंह, मनदीप, जगदीश, अंशु, मितेश, रामपाल, सतपाल, किशन व संदीप सहित अन्य उपस्थित रहे।

# आज होगा खुरालगढ़ साहिब में रविदास जयंती पर राज्य स्तरीय समारोह

## पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान होंगे मुख्यातिथि

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

श्री गुरु रविदास ऐतिहासिक धर्म अस्थान श्री खुरालगढ़ साहिब में श्री गुरु रविदास जयंती के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा। धार्मिक समागम में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। उपायुक्त होशियारपुर एवं एसएसपी ने होने वाले समागम की तैयारियों की समीक्षा की। डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल ने



कहा कि 24 फरवरी को श्री खुरालगढ़ साहिब में श्री गुरु रविदास जयंती के अवसर पर पंजाब सरकार की ओर से राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान शामिल होंगे। इस बीच उन्होंने एसएसपी सुरेंद्र लांबा के साथ श्री खुरालगढ़ साहिब का दौरा किया और समागम की तैयारियों का जायजा लिया। इस बीच उन्होंने श्री गुरु रविदास स्मारक का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग, पुलिस एवं अन्य विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रम को सुचारु ढंग से संपन्न कराने का निर्देश दिया तथा राज्य स्तरीय कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए अभी से तैयारियों में जुट जाने को कहा। इस मौके पर एसडीएम गढ़शंकर शिवराज सिंह बल्ल, डीएसपी सतीश कुमार के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

इस अवसर पर तप अस्थान श्री गुरू रविदास ऐतिहासिक धर्म अस्थान श्री खुरालगढ़ साहिब के चैयरमेन डॉक्टर कुलवर्ण सिंह, भाई केवल सिंह, हेडग्रंथि नरेश सिंह, सचिव सुखदेव सिंह, बिंदर सिंह, सुरिंदर सिंह, सतपाल सिंह, भाग सिंह, जसविंदर सिंह विक्की, मक्खन सिंह, जीत सिंह व चरण भारती सहित अन्य उपस्थित रहे।

## डिग्री कॉलेज सोलन ने अपनी 62वीं एथलेटिक मीट का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष। महाविद्यालय सोलन** ने आज ऐतिहासिक ठोडो मैदान में अपनी 62वीं एथलेटिक मीट प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें 300 प्रतिभागियों ने भाग लिया इस एथलेटिक मीट में ट्रैक गेम्स के साथ डिस्कस थ्रो ए जबलियन आदि गतिविधियां शामिल है। जानकारी देते हुए महाविद्यालय सोलन की प्रधानाचार्या ने बताया की आज महाविद्यालय की ओर से 62वीं एथलेटिक मीट का आयोजन हो रहा है, जिसमें महाविद्यालय के अधिकतर छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं।

# मुख्यमंत्री के गोलमोल जवाब देने पर बोले नेता प्रतिपक्ष

## सीएम कहते हैं योजनाएं बंद नहीं हुई तो किसी को क्यों नहीं मिल रही हैं: जयराम ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**नेता प्रतिपक्ष जयराम** ठाकुर ने कहा कि पूर्व सरकार में चलाई जा रही जनहित की योजनाओं के लाभार्थियों को कोई सहायता नहीं मिल रही है, लेकिन जब भी मुख्यमंत्री से यह बात पूछी जाती है तो हमेशा यही जवाब आता है कि कोई योजना बंद नहीं हुई है। न योजना बंद हुई है और न ही योजनाओं का पैसा लोगों को मिल रहा है। समझ में नहीं आ रहा है कि क्या हो रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि इस तरह का व्यवस्था परिवर्तन पहले नहीं देखा जहां पर अशक्त लोगों को दी जा रही पेंशन



को भी बंद कर दिया गया हो और सरकार इस संवेदनहीन कृत्य को स्वीकार करने को भी तैयार न हो। जयराम ठाकुर ने कहा कि पूर्ण रूप से अशक्त और बीमार लोगों के लिए हमारी सरकार ने सहारा योजना की शुरूआत की थी। जिसके तहत इस योजना के पात्र लोगों को 3 हजार रुपए की मासिक पेंशन दी जा रही थी लेकिन जब से सुक्खू की सरकार आई है तब से इस योजना का पैसा रोक दिया गया है। हमें लोगों के फोन आते है और कहते है कि पेंशन दिलवा दीजिए। जब मुख्यमंत्री से पूछो तो कहते हैं कि किसी योजना को बंद नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री को बताना चाहिए कि अगर योजना बंद नहीं हुई है तो लोगों को पेंशन क्यों नहीं मिल रही है। अशक्त लोगों को पेंशन न दे पाने वाली व्यवस्था परिवर्तन इस प्रदेश को स्वीकार नहीं है। जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री को संवेदना के आधार पर काम करते हुए सहारा जैसी योजनाओं का पैसा हर महीनें जारी करना चाहिए। जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री इस सरकार को लेकर गंभीर नहीं हैं। आज सरकार में बैठे विधायक भी सरकार से परेशान हैं और अपनी आवाज उठा रहे हैं। युवा नौकरी के लिए सडकों पर हैं। कर्मचारी वेतन के लिए सडकों पर हैं। प्रदेश में हर वर्ग आज सरकार से नाराज भी हैं और निराश भी हैं। इसके बाद भी सरकार गंभीर नहीं है। इस बजट में विकास को रफ्तार देने की कोशिश की जा सकती थी लेकिन मुख्यमंत्री ने पुरानी बजट में घोषित योजनाओं को बिना वित्तीय प्रबंध इस बार के बजट में भी शामिल कर दिया। सरकार के इस रवैये से साफ है कि इस बार के बजट में की गई बातें भी हवा हवाई हैं।

# बाबा सरबजोत सिंह बेदी ने किया इतिहासिक पुस्तक का विमोचन

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**ऊना नगर के** संस्थापक व गुरु नानक देव जी के वंशज बाबा साहिब सिंह जी बेदी के दमदमा अस्थान पर गुरूवार को त्रयोदशी दिवस गुरु नानक देव जी के वंशज बाबा सर्बजोत सिंह बेदी व समूह साध संगत ऊना द्वारा श्रद्धा एवं उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के पश्चात विभिन्न रागी जत्थों में संता सिंह, ओंकार सिंह, अनिल सिंह, हरदीप सिंह, बलजीत सिंह, गोपाल सिंह, बलविंदर सिंह, भूपिंदर सिंह, इकबाल सिंह, गरजा सिंह



सहित अन्यों ने कथा कीर्तन द्वारा उपस्थित संगत को निहाल किया। इस अवसर पर बाबा सरबजोत सिंह जी बेदी द्वारा ऊना नगर के संस्थापक बाबा साहिब सिंह जी बेदी जी के जीवन इतिहास पर आधारित भाई बलविंदर सिंह मन्सूरां द्वारा लिखी गई पुस्तक सिक्ख पंथ की विवेक शक्ति बाबा साहिब सिंह जी बेदी ऊना साहिब का विमोचन किया गया।

# विस्तार शिक्षा संस्थान में हुआ चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन




**प्रशिक्षण**

**समापन समारोह में डा. सुजाता शर्मा, निदेशक, तपन विकलांग केंद्र, नीलोखेड़ी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की**

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी में शिवस्तार अधिकारियों के लिए सहभागी कृषि विस्तार दृष्टिकोण विषय पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। समापन समारोह में डा. सुजाता शर्मा, निदेशक, तपन विकलांग केंद्र, नीलोखेड़ी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के क्षेत्रीय निदेशक डा. संजय कुमार ने की।

डा.सुजाता ने कहा कि कृषक समुदाय को अपनी समस्याओं की पहचान करके परियोजनाओं का आयोजन करने और परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु स्वेच्छा से सहयोग देना चाहिए और उनमें प्रतिभागी बनना चाहिए। लोगों की सहभागिता किसी विस्तार कार्यक्रम की सफलता के लिए आधारभूत महत्व रखती है। लोगों को कार्यक्रम विकसित करने और क्रियान्वित करने में भागीदारी करनी चाहिए तथा यह महसूस करना चाहिए कि यह उनका अपना कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि सहभागी दृष्टिकोण कृषि विकास में महत्पूर्ण भूमिका निभाता है, इसलिए कृषि विस्तार अधिकारियों को विभिन्न परियोजनाओं में कृषक समाज की सहभागीता बढ़ाने हेतू प्रयास करने चाहिएं। क्षेत्रीय निदेशक डा. कुमार ने बताया कि यह संस्थान वाईस-चांसलर प्रोफेसर बीआर. कांबोज, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के नेतृत्व में उत्तर भारत के राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य पालन, वानिकी, महिला एवं बाल विकास इत्यादि विभागों के विस्तार अधिकारियों को प्रशिक्षण देने का काम कर रहा है। वित्तीय सहयोग देने के लिए विस्तार निदेशालय, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की सराहना की। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डा. बलवान सिंह मंडल का भी धन्यवाद किया। इस दौरान प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण के बारे में अपना फीडबैक देते हुए संस्थान की सुविधाओं की बड़ी प्रशंसा की।

प्रशिक्षण संयोजक डा. सत्यकाम मलिक ने बताया कि प्रशिक्षण में हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड के विस्तार अधिकारियों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया।

# 'नशा मुक्ति केंद्र 10 प्रतिशत बेड नशे से ग्रस्त गरीब लोगों के इलाज के लिए रखें आरक्षित'

**सेवा**

**मीटिंग में उपस्थित सभी मनोरोग चिकित्सकों को सेवा भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

सिविल सर्जन की अध्यक्षता में वीरवार को जिला के सभी नशा मुक्ति केंद्रों के मनोरोग विशेषज्ञों, डॉक्टरों एवं संचालकों की बैठक का आयोजन किया गया। उप सिविल सर्जन डा. सिम्मी कपूर ने मीटिंग में उपस्थित सभी मनोरोग विशेषज्ञ डॉक्टरों व संचालकों को अवगत कराया कि स्वास्थ्य विभाग डीजी ऑफिस पंचकूला के आदेशानुसार इस मीटिंग के दो मुद्दे पर विचार किया जाना है।

उन्होंने बताया कि जिला में जितने भी मनोरोग विशेषज्ञ काम कर रहे हैं। उनका रजिस्ट्रेशन मेंटल हेल्थ एक्ट 2017 के अनुसार करवाया जाए, जिसकी गाइडलाइंस सभी साइकैटरिस्ट को दे दी गई है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग डीएचएस पंचकूला के आदेश अनुसार सभी नशा मुक्ति केंद्रों को आदेश दिए गए कि अपने केंद्र के अधीनस्थ 10 प्रतिशत बेड गरीब नशे से ग्रस्त लोगों के इलाज के लिए आरक्षित रखें जाएं, जिससे उनका निशुल्क इलाज किया जाए। इसके अतिरिक्त सिविल सर्जन ने सभी डॉक्टरो के विचारों को सुना और उनका समाधान भी उसी समय किया। मीटिंग में उपस्थित सभी मनोरोग चिकित्सकों को सेवा भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

## न्यूज फ्लैश

### एसपी ने जिले के तमाम प्रर्यवेक्षण अधिकारियों व उनके प्रवाचकों के साथ की बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन द्वारा जिले में लम्बित मामलों, शिकायतों और अन्य लम्बित कार्यों का प्राथमिकता से निपटारा करने के लिए तमाम प्रर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रबंधकों, पुलिस चौकी इंचार्जों, थाना मुंशी व मालखाना मोहर्र को अलग-अलग मीटिंग के माध्यम से निर्देश दिए जा रहे हैं।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी प्रर्यवेक्षण अधिकारियों व उनके प्रवाचकों के साथ मीटिंग की गई। इस मीटिंग के माध्यम से उन्होंने सभी प्रर्यवेक्षण अधिकारियों व उनके प्रवाचकों को निर्देश दिए कि हरियाणा पुलिस मुख्यालय, जिला पुलिस मुख्यालय से जारी दिशा निर्देशों की पालना करने के साथ-साथ तमाम एसओपी की भी पालना करेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रर्यवेक्षण अधिकारी के स्तर पर या प्रर्यवेक्षण अधिकारी के अंतगत आने वाले संबंधित थानों में लम्बित मामलों, शिकायतों, फॉरेंसिक लैब से संबंधित कार्य या डॉक्टरों से संबंधित कार्यों का बिना देरी किए नियमानुसार निपटारा करवाएंगे और लंबित मुकदमों का चालान जल्दी तैयार करके न्यायालय में जमा करने व पर्यवेक्षण अधिकारी के अंतर्गत आने वाले थानों का निरीक्षण निर्धारित समय के अंदर करने के भी निर्देश दिए।

एसपी ने पर्यवेक्षण अधिकारियों को किसी तरह की समस्या आने पर उनसे सलाह मशवरा करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक करनाल मिस प्रभिना पी और जिला के तमाम प्रयवेक्षण अधिकारी और उनके प्रवाचक, प्रवाचाक पुलिस अधीक्षक और इंचार्ज शिकायत शाखा एएसआई विनोद मौजूद रहे ।

# सेलर से जीरी के कट्टे चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** थाना निसिंग की टीम ने विश्वसनीय सूचना पर आरोपी कृष्ण पुत्र धर्मा राम और शेखर पुत्र वेदपाल वासियान औगंध को औगांध मोड से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की निशानदेही पर उनके कब्जे से चोरीशुदा आठ कट्टे जीरी और वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद की गई।



पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपियों ने 20 फरवरी को शिकायतकर्ता मोहित वासी निसिंग के केसी एग्रो सेलर जो कि गुल्लरपुर रोड निसिंग पर स्तिथ है से आठ कट्टे जीरी चोरी कर वारदात को अंजाम दिया था।

इस संबंध में नामालुम आरोपी के खिलाफ थाना निसिंग में चोरी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पूछताछ में पाया गया कि आरोपियों ने नशापूर्ति के लिए वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना से छात्राओं का होता है सर्वांगीण विकास: महेंद्र सिंह बागी

**शिविर**

**स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय में खेल मैदान के रैंप को तैयार किया तथा पेड़ पौधों की कटाई कार्य किया**



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** राजकीय महिला महाविद्यालय बस्ताड़ा के प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी के कुशल दिशा-निर्देशन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्त्वावधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय में खेल मैदान के रैंप को तैयार किया तथा पेड़ पौधों की कटाई तथा छंटाई का कार्य किया। स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय प्रांगण को स्वच्छ तथा सुंदर बनाने का कार्य किया। प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य तथा महत्व पर स्वयं सेविकाओं को विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है तथा छात्राएं देश सेवा और समाज सेवा से जुड़ती हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी अनुराधा ने छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना में बढ़-चढकर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। हिंदी के सहायक प्रवक्ता डॉ. विक्रम सिंह ने खेलों के महत्व तथा प्रकृति संरक्षण के बारे में स्वयंसेविकाओं को जानकारी दी। राष्ट्रीय सेवा योजना के क्लर्क सुमित वर्मा ने भी श्रमदान किया। इस अवसर पर कार्यवाहक प्राचार्या पूजा, अपूर्वा तथा डॉ. मीनू आनंद विशेष रूप से उपस्थित रही।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी करने वाला गिरफ्तार, ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** एंटी व्हीकल थेफ्ट यूनिट की टीम ने जिला कोर्ट मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश से आरोपी राजेंद्र पुत्र ब्रिजपाल वासी हरसाना जिला शामली उत्तर प्रदेश को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर एक दिन के रिमांड पर लिया गया। आरोपी की निशानदेही पर उसके कब्जे से चुराया गया ट्रैक्टर मार्का सोनालिका और ट्रॉली बरामद की गई।

पुलिस जांच में पाया गया कि 28 जनवरी को आरोपी राजेंद्र ने शिकायतकर्ता प्रदीप वासी जींद जो कि करनाल में ठेके लेता है, का ट्रैक्टर और ट्रॉली जो कि मेरठ रोड करनाल गली नंबर 4 से चोरी कर वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी के तहत थाना सेक्टर 32-33 में मुकदमा दर्ज किया गया था।



पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपी राजेंद्र एक आदतन अपराधी है। उसने चोरी की कई वारदातों को अंजाम उत्तर प्रदेश में भी दिया है।

वह फिलहाल चोरी के मुकदमे में मुजफ्फर नगर जेल में बंद था। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# किसानों को दी सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के लाभ व तरीकों की जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

**जल** बचाने व जल सिंचाई प्रबंधन के लिए मिकाडा व हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान नीलोखेड़ी के सयुंक्त तत्वाधान में खंड मुनक के खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय में एक दिवसीय जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खंड के 100 किसानों ने भाग लिया।



**जागरूक किया**

**जल समितियों के उद्देश्यों के बारें में बताया कि जल समिति द्वारा ही जल का सही प्रबंधन किया जा सकता है**

कार्यकारी अभियन्ता हरिदेव काम्बोज ने किसानों को जल समितियों के उद्देश्यों व कर्तव्यों के बारें में जानकारी देते हुए बताया कि जल समिति द्वारा ही जल का सही प्रबंधन किया जा सकता है। उन्होंने सूक्ष्म सिंचाई पद्धति के माध्यम से खेत में पानी की बचत व इस पद्धति पर हरियाणा सरकार द्वारा दी जाने वाली सबसिडी के बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने सुक्ष्म सिंचाई पद्धति पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि सुक्ष्म सिंचाई एवं कमान क्षेत्र विकास प्राधिकरण (मिकाडा) की सुक्ष्म सिंचाई प्रणाली के तहत किसानों के लिए योजनाओं की शुरूआत की गई है, जिसमें सरकार द्वारा किसानों को 85 प्रतिशत अनुदान राशि ड्रिप या स्प्रींकलर लगावाने पर दी जाती है। जैन इरीगेशन के प्रतिनिधि डा. अशोक भारद्वाज ने किसानों को सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के लाभ व तरीके के बारे में जानकारी दी।

इस प्रणाली से सिंचाई करने पर फसलों की गुणवत्ता और उत्पादकता में भी सुधार होता है। हमारे देश में अधिकांशतः खेतों में सिंचाई के लिये कच्ची नालियों द्वारा पानी लाया जाता है, जिससे तकरीबन 30-40 फीसदी पानी रिसाव की वजह से बेकार चला जाता है। ऐसे में सूक्ष्म सिंचाई पद्धति का इस्तेमाल करने में फायदा ही फायदा है। इस अवसर पर नेटाफीम के प्रतिनिधि राहुल नागर, रिवुलिश कम्पनी के प्रतिनिधि हेमंत, मिकाडा विभाग के गौरव कुमार जेई, अभिषेक पाठक जेई, आनन्द रोहिला जिलेदार, अशोक राणा पटवारी, हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान नीलोखेडी के ट्रेनर संजीव कुमार, संजय कुमार व गांव के किसान मौजूद रहे।

# आज समालखा में तेजी से हो रहा विकास: संजय



**समालखा/( कुलदीप सिंह )**

प्रदेश स्तरीय कमेटी सदस्य संजय छौक्कर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मेरे समालखा हल्के में भरपूर ग्रांट विकास कार्यों के लिए दी है और आज समालखा का विकास तेज गति से दौड़ रहा है। उन्होंने कहा कि समालखा हर क्षेत्र में जोरदार तरक्की कर रहा है। आज समालखा की तुलना विकसित हल्कों में होने लगी है। उन्होंने सरकार से अनुरोध भी किया कि जो खेतो के रास्ते हैं, उनको 10 की बजाय 12 फूट के बनानें का काम करें ताकि किसान भाईयों को सहूलियत हो सके। बीजेपी नेता संजय छौक्कर ने यह भी कहा कि हम तो स्वयं किसानों से मिलते है इसलिए हमें पता है किसान की बड़ी दयनीय हालत होती हैं। किसानों के लिए जितना किया जाए उतनी ही कम है। मैरिट के आधार पर नौकरी में ज्यादातर गरीबों का भला हुआ है, यह कारगर योजना हैं।

बीजेपी नेता छौक्कर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल देश व प्रदेश में सबका साथ-सबका विकास नीति पर कार्य कर रहे हैं। किसी भी क्षेत्र के साथ कोई भी भेदभाव नहीं किया जा रहा है। बिजली, पानी, शौचालय, सामुदायिक भवनों, सीवरेज व्यवस्था आदि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में लोगों को उपलब्ध करवाई जा रही है। जगमग योजना के तहत 24 घंटे लाईट प्रदान की जाती है।

# शरीर और आत्मा के लिए तोहफा है योग : दिनेश गुलाटी

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत हर घर परिवार सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में कृष्ण कृपा धाम सेक्टर-9 में आयोजित की गई।

दिनेश गुलाटी ने बताया कि सूर्य नमस्कार में प्रत्येक आसन के दौरान विशिष्ट तरीके से श्वास लेने से हमारे फेफड़े मजबूत होते हैं, बेहतर ढंग से काम करते हैं, फेफड़ों की कार्यक्षमता बढ़ती है। यह आपके श्वसन की कार्य प्रणाली में सुधार लाती है। मिशन प्रमुख दिनेश



गुलाटी और शिक्षिका शिवानी कंबोज ने निर्णायक की भूमिका निभाई। सभी साधकों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। महिला वर्ग से उषा रानी, शीला और सुनीता चहल विजयी रहे। पुरुष वर्ग से बीआर चानना चुने गए। दंपत्ति प्रतियोगिता में गोपाल शर्मा और कुसुम शर्मा ने भाग लिया। पूर्ण परिवार की योग प्रतियोगिता के लिए कुसुम राणा और उसके परिवार का नाम चुना गया। 108 बार सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता के लिए राजेंद्र पपनेजा चुने गए।

# सेक्टर-32 में गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

शिव प्रभात फेरी की ओर से महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में निकाली जा रही प्रभातफेरियों का दौर जारी है। वीरवार को प्रभात फेरी ने सेक्टर 32 का भ्रमण किया। जगह-जगह पर श्रद्धालु पालकी के समक्ष नतमस्तक होते नजर आए। जगह-जगह पर भगवान शिव की पालकी का भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने हर हर महादेव बम बम भोले के जयकारे लगाए। शिव भजनों से वातावरण भक्तिमय हो गया। आज प्रभातफेरी सेक्टर-32 में नरसी विलेज शिव भक्त मोनू मेहता के



निवास से प्रारंभ हुई। इसके बाद विभिन्न गलियों से होते हुए शिव भक्त अंशुल गुप्ता के निवास पर विश्राम लिया। मंच के प्रधान सतपाल मनोचा ने कहा कि प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु प्रभात फेरी में शामिल होकर महादेव का गुणगान कर रहे हैं। जो भी सच्चे मन से भगवान शिव को याद करता है, भगवान शिव उसकी मनोकामना अवश्य पूरी करते हैं। इस अवसर पर शोभा, विभा, रमेश, शिल्पा, रामलाल, गोपाल, साजन, राधे कृष्ण, विकास, अजय, राजन ढींगडा, आशा, सुनीता कथूरिया सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भोले बाबा का आशीर्वाद लिया।

# 'लक्ष्य प्राप्ति के लिए एकाग्रता के साथ-साथ नजरिया भी हो सकारात्मक'

## एनएसएस कैंप के समापन पर विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से बांधा समां

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष कैंप का समापन समारोह बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। गांव काछवा स्थित विनायक कॉलेज में आयोजित कैंप के समापन पर मुख्य अतिथि कॉलेज के पूर्व प्राचार्य एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्वान डा.मेजर सिंह रहे।

डा. मेजर सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एकाग्रता के साथ-साथ नजरिया भी संस्कारात्मक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमेशा




अपने माता-पिता और गुरुजनों का आदर करें। जो विद्यार्थी यह सब गुण अपना लेता है, वह जीवन के हर लक्ष्य को प्राप्त कर लेता है। कॉलेज के प्राचार्य डा. गुरिंदर सिंह ने कहा कि विद्यार्थी बड़े ही अनुशासन और सेवाभाव से कार्य करते रहे हैं। कभी भी किसी कार्य का विलंब न करें और किसी कार्य को अधूरा न छोड़ें। कॉलेज परंपरागत शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक शिक्षा पर बल देता है और हमारे विद्यार्थी अत्यंत अनुशासित और संस्कारवान है। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत

**प्रस्तुति**

**मुख्य अतिथि कॉलेज के पूर्व प्राचार्य एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्वान डा.मेजर सिंह रहे**

किया। महक प्रीत कौर ने मंच संचालन के साथ-साथ एकल अभिनय भी किया। शैली चहल और कोमल ने सुंदर कविता प्रस्तुत की, जबकि दीप जोत और जशन मेहता ने नृत्य की प्रस्तुति दी। रवि कटारिया ने हरियाणवी डांस किया। नितिन वर्मा एवं ललित को सर्वश्रेष्ठ कैंपर पुरुष तथा आरती एवं तनीषा को सर्वश्रेष्ठ कैंपर महिला का पुरस्कार दिया गया। नवीन को पेटू कैंपर, अनमोल को शांत कैंपर तथा अमन को होशियार कैंपर का पुरस्कार दिया गया।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रदीप कुमार ने कैंप की गतिविधियों के बारे में बताया तथा प्रो. अजय ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस, विनायक कॉलेज के निदेशक नरेश मान, डा. रामपाल सिंह, प्रो. शशि मदान, प्रो. अंजू चौधरी, डा. बीर सिंह, डा. देवी भूषण, डा. दीपक, प्रो. मनीष, डा. कृष्ण अरोड़ा एवं भारी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# मोटरसाइकिल चोरी काबू, चुराई गई मोटरसाइकिल बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

सीआईए टू की टीम ने विश्वसनीय सूचना पर आरोपी शिव कुमार पुत्र हुकुम चंद वासी खेड़ी नरू को उसके गांव से गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से चुराई गई मोटरसाइकिल मार्का एचएफ डिलक्स एचआर-05बी-7782 बरामद की गई। पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपी शिव कुमार ने 28 सितंबर 2023 को शिकायतकर्ता अनीता वासी खेड़ीनरू के घर के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी कर वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में



अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना सदर में चोरी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पूछताछ में गया कि आरोपी ने पैसों के लालच में वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत भेज दिया गया।

## संपादकीय

# पाकिस्तान में उथल-पुथल

**पाकिस्तान में** बीती 8 फरवरी को हुए आम चुनाव के बाद देश में जो एक राजनीतिक स्थिरता की उम्मीद थी, वह फिलहाल तो पूरी तरह खत्म हो गई हैं। पाकिस्तान, जिसकी नियति ही हो गई है हमेशा संकट में रहना कअब तो वह अराजकता की चपेट में है और भारी मुश्किल की स्थिति में दिखाई दे रहा है। हालांकि लंबी कवायद के बाद पाकिस्तान मुस्लिम लीग ( नवाज) और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी ने देश में मिल कर सरकार बनाने का फैसला कर लिया है। फिलहाल राजनीतिक विश्लेषकों, पत्रकारों और आमजन को कुछ समझ नहीं आ रहा कि देश किस दिशा में जा रहा है। हर कोई अनभिज्ञ सा ही दिख रहा है। चुनाव के नतीजों ने पाकिस्तानी सेना के मोटी तोंद वाले जनरलों को उनकी औकात दिखा दी है। उनके लाख चाहने के बावजूद नवाज शरीफ की मुस्लिम लीग को जनता ने बहुमत नहीं दिया। नवाज शरीफ लंदन से इसी उम्मीद में पाकिस्तान वापस आए थे कि उन्हें फिर से पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनने का मौका मिल जाएगा। जाहिर है,पाकिस्तानी अवाम चुनाव नतीजों से हताश और अवाक है। चुनावों के नतीजों में कसकर धांधली हुई है। जनता को अब देश में राजनीतिक स्थिरता की कोई उम्मीद भी नहीं है। अफसोस देखिए कि जिन्हें जनता ने नकारा वे ही सरकार बनाने जा रहे हैं। दरअसल चुनाव में खंडित जनादेश आने के बाद एक के बाद एक वहां विवादों को ही जन्म मिला। खासकर चुनाव में अनियमितताओं के व्यापक आरोपों के कारण। मतदान में धोखाधड़ी के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन जारी है और बलूचिस्तान का जनजीवन लगभग ठप पड़ा हुआ है। वहां पर चुनाव से पहले धमाकों की झड़ी सी लग गई थी। इसके साथ ही, रावलपिंडी के चुनाव आयुक्त ने चुनावों में धांधली के गंभीर आरोप लगाए हैं। इसके बाद तो चुनाव की विश्वसनीयता पर और सवाल खड़े हो गए हैं। इमरान खान की पार्टी ह्लपीटीआईह्व नेशनल असेंबली में सबसे बड़ी पार्टी बनी। मतलब यह है कि जिस इमरान खान को एक के बाद एक गंभीर आरोपों के लिए दोषी मानकर जेल की सजा सुनाई जा रही है, लेकिन पाकिस्तान की जनता तो उसके साथ खड़ी है। पाकिस्तान में राजनीतिक अस्थिरता के कारण वहां की अर्थव्यवस्था भी धराशायी हो चुकी है, जिससे पाकिस्तान के भविष्य पर दूरगामी परिणाम होंगे। पाकिस्तान की ताजा निराशाजनक स्थिति के बीच एक खबर यह भी आई कि सिर्फ हमारे एक टाटा ग्रुप के सामने भी पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था बौनी पड़ गई है। टाटा ग्रुप का मार्केट कैपिटलाइजेशन 365 अरब डॉलर पहुंच गया है। यह पाकिस्तान के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) से भी कहीं ज्यादा है। पिछले साल टाटा ग्रुप की कई कंपनियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इसी के बाद ही ग्रुप ने यह उपलब्धि हासिल की है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुमानों के अनुसार, पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था का आकार करीब 341 अरब डॉलर का है। टाटा ग्रुप की एक कम्पनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की वैल्यू ही करीब 15 लाख करोड़ रुपये या 170 अरब डॉलर है। यह न केवल भारत की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी है, बल्कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था के लगभग आधे आकार की भी है। अब आप समझ सकते हैं कि पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति कितनी खराब हो चुकी है। कंगाली से गुजर रही पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था इस समय गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रही है। पिछले साल आई बाढ़ ने पाकिस्तान को व्यापक स्तर पर नुकसान पहुंचाया है।

# रेडियो के जमाने के सरताज मखमली आवाज के धनी को सैल्यूट

किशन सनमुखदास

"साथियों बात अगर हम माननीय प्रधानमंत्री द्वारा अमीन सयानी के निधन पर दुख व्यक्त करने की करें तो उन्होंने कहा रेडियो की दुनिया में अपनी मखमली आवाज से जादू बिखरेने वाले अमीन सयानी के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दुख जताया है। पीएम मोदी ने अमीन सयानी को श्रद्धांजलि देते हुए ट्वीट किया- अमीन सयानी जी की सुनहरी आवाज में एक आकर्षण और गर्मजोशी थी, जिसने उन्हें पीढ़ियों से लोगों का प्रिय बनाया. अपने काम के माध्यम से उन्होंने इंडियन ब्रॉडकास्टिंग में क्रांति लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपने लिस्नर्स के साथ एक खास बॉन्ड बनाया. उनके जाने से दुखी हूं।उनकी आत्मा को शांति मिले। अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे"

**वैश्विक** स्तरपर कुछ व्यक्तित्व गॉड गिफ्टेड या स्वयं अपनी मेहनत माता-पिता के सहयोग दोस्तों यारों रिश्तेदारों के सामर्थ्य से अपनी कला को इस तरह निखारते हैं कि वह दुनियां के लिए एक मिसाल बन जाते हैं, लोग उनका उस समर्थ क्षेत्र में उदाहरण और मसल देते हैं। कई पीढियां तक उनका गुणगान गाया जाता है। संगीत, कला, मानव सेवा सिनेमा, नेतृत्व, राजनीति, व्यापार व्यवसाय, स्वास्थ्य सहित अनेक ऐसे क्षेत्र हैं जिसमें अनेक निपुण व्यक्तियों का अपने नॉलेज के बल पर जीते जी तो क्या उनके शरीर त्यागने के बाद भी उनकी कला के दम पर उन्हें हमेशा याद रखा जाता है। ऐसा ही एक नाम भारतीय रेडियो में आवाज की दुनिया के फनकार मखमली आवाज के धनी अमीन सयानी जी हैं, जो रेडियो पर उनके प्रोग्राम से सड़कों पर सन्नाटा छा जाता था। मेरे अपने राइट सिटी गोंदिया में मेरा परिवार इसका जीता जागता उदाहरण है। मेरे ग्रैंडफादर श्री स्व ईंदनदास जी भावनानी ने रेडियो पर बिनाका गीत माला जो प्रति बुधवार को आता था, बहुत ध्यान से सुनते थे साथ में मेरे पिताजी श्री स्व सनमुखदास जी भावनानी ने और फिर उनकी तीसरी पीढ़ी मैं भी बिना का गीतमाला रोज रात्रि 8 बजे से सुनते थे बहुत ध्यान से सुनकर एंजॉय करते थे। बाद में उसका नाम सिबाका गीत माला हो गया था।रेडियो क्षेत्र में अमीन साहनी की आवाज हमारे परिवार की तीन पीढियां ने बड़े चाव से सुनी। उसके बाद हमारी चौथी पीढ़ी इस नाम से थोड़ा सा अनजान जान पड़ती है। ऐसी शख्सियत का बुधवार दिनांक 21 फरवरी 2024 को 91 वर्ष की उम्र में निधन हो गया जिसकी जानकारी मीडिया में आते ही उनके फैन सदमें में में आ गए इससे हम जान सकते हैं कि वह कितनी बड़ी शख्सियत थे। चूंकि तीन पीढियां का मनोरंजन करने वाले रेडियो बादशाह पंच तत्वों में विलीन हो गए हैं इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भाइयों और बहनों मैं आपका दोस्त अमीन सयानी बोल रहा हूं, थम गई यह रेडियो की बुलंद आवाज।

साथियों बात अगर हम अमीन सयानी के निधन की करें तो, भारतीयों की पीढ़ियों के लिए रेडियो को परिभाषित करने वाली महान आवाज अमीन सयानी का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अपने प्रतिष्ठित कार्यक्रम बिनाका गीतमाला के लिए जाने जाने वाले, सयानी की आवाज भारतीय घरों में एक



प्रधान थी, जिसने देश भर में संगीत और इसके प्रेमियों के बीच की दूरी को पाट दिया। 20 फरवरी की शाम को उन्हें दिल का दौरा पड़ा और उन्हें दक्षिण मुंबई के एच एन रिलायंस अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने शाम 7 बजे के आसपास अंतिम सांस ली, जैसा कि उनके बेटे राजिल सयानी ने पुष्टि की है।

साथियों बात अगर हम अमीन सयानी के बारे में जानने की करें तो, उनका जन्म 21 दिसंबर 1932 मुंबई में हुआ। उन्होंने रेडियो की दुनिया में अपना बड़ा नाम स्थापित किया। दर्शक उनकी आवाज से सीधे तौर पर जुड़े और दिल थामकर उनके कार्यक्रम का इंतजार किया करते। अमीन सयानी ने रेडियो प्रेजेंटर के तौर पर अपने करियर की शुरूआत ऑल इंडिया रेडियो, मुंबई से की थी।उनके भाई हामिद सयानी ने उनका परिचय यहां से कराया था बता दें कि पचास हजार सेअधिक कार्यक्रमों का रिकॉर्ड दर्जरिपोर्ट्स के मुताबिक सयानी ने लगभग दस वर्षों तक अंग्रेजी कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इसके बाद उन्होंने भारत में ऑल इंडिया रेडियो को लोकप्रिय बनाने में अहम भूमिका निभाई। रिपोर्ट्स के मुताबिक अमीन सयानी ने नाम पर 54, हजार से ज्यादा रेडियो कार्यक्रम प्रोड्यूस/वॉयसओवर करने का रिकॉर्ड दर्ज है। उन्होंने करीब 19, हजार जिंगल्स के लिए आवाज देने के लिए भी अमीन सयानी का नाम लिम्का बुक्स ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज है।फिल्मों में दर्ज कराई उपस्थिति रेडियो ने अमीन सयानी को जो पहचान दिलाई, वह बहुत आगे तक कई। वे कई फिल्मों में रेडियो अनाउंसर के तौर पर नजर आए। इनमें भूत बंगला, तीन देवियां, बॉक्सर और कत्ल जैसी फिल्में शामिल हैं। रेडियो की दुनिया में अपने योगदान के लिए अमीन सयानी को कई बड़े व प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किए गए। इनमें लिविंग लीजेंड अवॉर्ड (2006), इंडियन सोसाइटी ऑफ एटवरटाइजमेंट की तरफ से गोल्ड मेडल (1991) , पर्सन ऑफ द ईयर अवॉर्ड (1992)- लिम्का बुक्स ऑफ रिकॉर्ड्स शामिल हैं। अमीन सयानी रेडियो के सबसे फेमस अनाउंस थेरेडियो सिलोन और फिर विविध भारती पर? लगभग 42 सालों तक चलने वाला हिंदी गीतों का उनका कार्यक्रम बिनाका गीतमाला ने सफलता के सारे रिकॉर्ड तोड़े थे और लोग हर हफ्ते उन्हें सुनने के लिए बेकरार रहा करते थे।गीतमाला के साथ अमीन भारत के पहले होस्ट गए थे जिन्होंने उभरते संगीत परिदृश्य के बारे में अपनी गहरी समझ को प्रदर्शित करते हुए एक कंप्लीट शो को क्यूरेट किया और प्रेजेंट किया था। शो की सक्सेस ने एक रेडियो वादक के रूप में सयानी की स्थिति को मजबूत कर दिया था।

साथियों बात अगर हम अमीन सयानी के प्रसिद्ध शो की करें तो,बिनाका गीतमाला साल 1952 में शुरू हुआ था। पहले ये कार्यक्रम रेडियो सिलोन पर आता था और उसके बाद ये विविध भारती पर शुरू हुआ। बिनाका गीतमाला का नाम बाद में सिबाका गीतमाला हो गया। ये कार्यक्रम 42 साल तक चला था। बिनाका गीतमाला साल 1952 में शुरू हुआ थो पहले ये कार्यक्रम रेडियो सिलोन पर आता था और उसके बाद ये विविध भारती पर शुरू हुआ। नमस्ते बहनों और भाइयों, मैं आपका दोस्त अमीन सयानी बोल रहा हूं। परिचित अभिवादन और तुरंत पहचानी जाने वाली आवाज 1952 से 1988 तक रेडियो सीलोन पर हर बुधवार को अनगिनत घरों में प्रसारित होती थी, जो आज भी श्रोताओं के बीच मजबूत पुरानी यादों को जगाती है। अमीन रेडियो पर आने वाले शो बिनाका गीतमाला को होस्ट करते थे। 30 मिनट के इस रेडियो प्रोग्राम में एक के बाद एक एवरग्रीन गानों से अमीन श्रोताओं का मनोरंजन करते थे। ऑल इंडिया रेडियो के मशहूर अनाउंसर अमीन सयानी का बचपन से ही साहित्य में खास लगाव था। इसका खास कारण हैं कि अमीन की मां रहबर नामक समाचार पत्र निकालती थीं और उनके भाई हामिद सयानी भी रेडियो अनाउंसर थे। दरअसल, अमीन भी 1952 में रेडियो सीलोन से अपने करियर की शुरूआत की।अमीन का रेडियो से परिचय उनके भाई हामिद ने कराया था। बता दें कि, अमीन ने अपने करियर की शुरूआत इंग्लिश प्रोग्राम से की थी। फिल्मों में भी नजर आ चुके है अमीन, इन फिल्मों में आए नजर अमीन, कत्ल, तीन देवियां, भूत बंगला और बॉक्सर जैसी फिल्मों मे अभिनय कर चुके है। इन फिल्मों में वह शो के प्रेजेंटर के रोल में नजर आए थे इन फिल्मों में वह शो के प्रेजेंटर के रोल में नजर आए थे।

साथियों बात अगर हम माननीय प्रधानमंत्री द्वारा अमीन सयानी के निधन पर दुख व्यक्त करने की करें तो उन्होंने कहा रेडियो की दुनिया में अपनी मखमली आवाज से जादू बिखरेने वाले अमीन सयानी के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दुख जताया है। पीएम मोदी ने अमीन सयानी को श्रद्धांजलि देते हुए ट्वीट किया- अमीन सयानी जी की सुनहरी आवाज में एक आकर्षण और गर्मजोशी थी, जिसने उन्हें पीढ़ियों से लोगों का प्रिय बनाया. अपने काम के माध्यम से उन्होंने इंडियन ब्रॉडकास्टिंग में क्रांति लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपने लिस्नर्स के साथ एक खास बॉन्ड बनाया. उनके जाने से दुखी हूं।उनकी आत्मा को शांति मिले।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि तीन पीढ़ियों का मनोरंजन करने वाले रेडियो बादशाह पंचतत्व में विलीन। भारतीय रेडियो के जमाने के सरताज मखमली आवाज के धनी को सैल्यूट।भाइयों और बहनों मैं आपका दोस्त अमीन सयानी बोल रहा हूं, थम गई रेडियो की यह बुलंद आवाज

## कविता

पीड़ा भरी पुकार मेरी तुम्हें सुहाती'

मेरी पीड़ा भरी पुकार तुम्हें हमेशा सुहाती,
जब भी मनुहार से तुम्हें मैं पुकारती '

उसी क्षण तुम तत्काल दौड़े चले आते,
सदैव मेरी पीड़ा से कितना तुम अकुलाते'

भरी तपन में बूंद बूंद वर्षा की बनकर तुम,
आप्लावित कर देते संपूर्ण इस धरा को तुम ।

देख कर फैली हुई रात्रि की चांदनी तुम्हारी,
मेरी अंधेरी निशा भी बन जाती दिवाली'

भव्य दिव्य प्रकाश तुम्हारा जो पा जाति मैं,
जगमग सी जगमगाती अंधेरी दुनिया मेरी।

फूलों सा डाली-डाली मुस्कुराते अधर तुम्हारे,
गीत मधुर मधुर पंछियों को सुना तुम लहराते।

ईश्वर से है कामना, हर क्षण हो मुझे पीड़ा,
मेरी दर्द भरी पुकार तुम सुनकर दौड़े चले आते।

स्नेह मनुहार मेरा सदैव मैं तुम्हें यूं ही पुकारती रहूं,
मेरी पुकार पर तुम तत्क्षण पास चले आते रहें।

संजीव

# चंडीगढ़ मेयर चुनाव पर ऐतिहासिक फैसला

रोहित माहेश्वरी

**सर्वोच्च** न्यायालय ने चंडीगढ़ के महापौर चुनाव में हुई गड़बड़ी पर सख्त रवैया अपनाते हुए जिस तरह आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के संयुक्त उम्मीदवार को निर्वाचित घोषित किया उसकी सर्वत्र प्रशंसा हो रही है । न्यायपालिका की यही निडरता देश में लोकतंत्र की जड़ें मजबूत करने में सहायक है । यद्यपि राजनेताओं को ये अच्छा नहीं लगता और अनेक मर्तबा इस बात को लेकर बहस भी चली कि न्यायाधीश अपने अधिकार क्षेत्र के बाहर निकलकर कार्यपालिका और विधायिका के दैनंदिन कार्यों में भी हस्तक्षेप करते हैं। चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर चुनाव पर सर्वोच्च न्यायिक पीठ ने जो न्याय किया है, वह ऐतिहासिक और क्रांतिकारी है। संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत सर्वोच्च अदालत ने, चुनाव जैसे मुद्दे पर, जिस विशेषाधिकार का इस्तेमाल किया है, वह अभूतपूर्व है। यह ऐसा फैसला है, जिसे कोई चुनौती नहीं दे सकता। न्यायपालिका ने लोकतंत्र और उसमें निहित जन-शक्ति को बचाकर मिसाल कायम की है। वोट की लूट नहीं मचाई जा सकती और न ही चुनाव प्रक्रिया में धांधलियां कामयाब हो सकती हैं। सर्वोच्च अदालत ने अपने फैसले के जरिए यह संदेश पूरे देश को दिया है। मेयर चुनाव के पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह को ह्यकदाचारह्न का दोषी भी करार दिया गया है। अब उनके खिलाफ मुकदमा चलेगा और 3 से 7 साल तक की सजा भी दी जा सकती है। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में तीन न्यायाधीशों ने पहली बार अदालत में ही किसी चुनाव के वोट जांचे और नतीजा घोषित किया। न्यायाधीशों ने कहा कि चुनावी लोकतंत्र की प्रक्रिया को धोखाधड़ी से नाकाम करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। जहां असाधारण स्थितियां बनती हैं, वहां अदालत को दखल देना पड़ता है, ताकि बुनियादी जनादेश को संरक्षित किया जा सके। अनुच्छेद 142 के तहत अदालत का यह पहला ह्यसुप्रीम फैसलाह्न है। इससे पहले भोपाल गैस त्रासदी कांड के पीड़ितों को राहत पहुंचाने और उन्हें मुआवजा दिलाने, राजीव गांधी के हत्यारे पेरारिवलन को जेल में 30 लंबे साल की सजा काटने के बाद रिहाई दिलाने और अयोध्या की श्रीराम जन्मभूमि के संदर्भ में अनुच्छेद 142 के तहत फैसले सुनाए गए थे। बेशक चंडीगढ़ मेयर चुनाव का मुद्दा अपेक्षाकृत छोटा है, लेकिन इसके प्रभाव व्यापक होंगे, क्योंकि यह आम चुनाव के कुछ दिन पहले ही सामने आया है और अदालत ने 19 दिनों में हस्तक्षेप कर फैसला सुनाया है। अब भाजपा की चुनावी साजिशों और मंसूबों पर लगातार सवाल उठाए जाएंगे। न्यायिक पीठ ने 30 जनवरी को घोषित मेयर का चुनाव खारिज कर दिया और अवैध मतपत्रों को ह्यवैधह्न करार दिया और उन्हीं के आधार पर आम आदमी पार्टी (आप) एवं कांग्रेस के साझा प्रत्याशी कुलदीप कुमार को चंडीगढ़ का मेयर घोषित कर दिया।

## विचार

# सपा कांग्रेस गठबंधन से त्रिकोणीय हुई लड़ाई

आशीष वशिष्ठ

**आखिरकार** कांग्रेस और सपा के गठबंधन पर मुहर लग ही गई। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के समय षुरू हुई तीखी बयानबाजी और तल्ख रिशतों के बीच तमाम ऐसे मौके आए, जब लगा कि यह गठबंधन सिरे नहीं चढ़ेगा। लेकिन अंत भला तो सब भला। सीटों का बंटवार ऐसे समय हुआ है जब राहुल गांधी की भारत जोड़ों न्याय यात्रा उत्तर प्रदेष में है। ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या सपा कांग्रेस का गठबंधन भाजपा को चुनौती दे पाएगा? क्या कांग्रेस और सपा के साथ से उत्तर प्रदेश की राजनीतिक समीकरण और नतीजे बदलेंगे? क्या सपा कांग्रेस की दोस्ती से बसपा का नुकसान होगा? क्या सपा और कांग्रेस मिलकर भाजपा के चार सौ पार के मिशन को यूपी में रोकने में सफल होंगे? कांग्रेस और सपा दोनों की जमीनी स्थिति ऐसी है कि मतभेद और मनभेद के बाद भी दोनों को गठबंधन करना पड़ा। दरअसल, उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और सपा का सियासी आधार एक ही वोट बैंक पर टिका है, वो मुस्लिम मतदाता हैं। सपा इस बात को बखूबी जानती है कि अगर एक बार मुस्लिम मतदाता उसे छिटकर कांग्रेस के पाले में चला गया तो उसे दोबारा वापस लाना मुश्किल हो जाएगा। हाल में हुए चुनाव का वोटिंग पैटर्न को देखें तो मुस्लिम वोटर एक बार फिर से कांग्रेस की तरफ लौट रहा है, खासकर राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद से सियासी हालात बदले हैं। ऐसे में तमाम दल जो कांग्रेस के कोर वोट बैंक पर काबिज और अपने अपने राज्य में बड़े भाई की भूमिका में हैं. ऐसे में वे कांग्रेस को दोबारा से उभरने का मौका नहीं देना चाहते हैं। सीट बंटवारे में जो देरी हुई उसकी वजह मुस्लिम बहुल सीटें ही बतायी जाती हैं। फिलवक्त सपा प्रमुख पीडीए का फामूर्ला जमीन पर उतारने के लिए मेहनत कर रहे हैं। सीट बंटवारे में कांग्रेस के हिस्से में 17 सीटें आई हैं। जबकि समाजवादी पार्टी 63 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। समाजवादी पार्टी चंद्रशेखर आजाद की ह्लआजाद समाज पार्टीह्व समेत कुछ छोटे दलों को अपने कोटे से सीट दे सकती है. यानी अखिलेश यादव और सपा को तय करना है कि गठबंधन में सपा के साथ बाकी कौन सी पार्टियां 63 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। यूपी में 7 साल बाद कांग्रेस और सपा दोबारा एक साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। दोनों दलों ने साथ मिलकर 2017 का विधानसभा चुनाव लड़ा था। सीट बंटवारे को लेकर हुए समझौते के तहत कांग्रेस अमेठी, रायबरेली, कानपुर नगर, फतेहपुर सीकरी, बांसगांव, सहारनपुर, प्रयागराज, महराजगंज, वाराणसी, अमरोहा, झांसी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, मथुरा, सीतापुर, बाराबंकी और देवरिया सीट पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। सपा ने कुछ सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। सीट बंटवारा होने के बाद वाराणसी समेत कुछ सीटों पर उम्मीदवारों के नाम वापस लिए जा सकते हैं। सपा ने वाराणसी सीट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने सुरेंद्र सिंह पटेल को उतारा है। सीट बंटवारे के बाद ये सीट कांग्रेस के कोटे में चली गई है। ऐसे में यहां से उम्मीदवार वापस लिया जाएगा। कांग्रेस के साथ हाथ मिलाने व उसके कोटे की सीटें बढ़ाने के पीछे दो अहम फैक्टर माने जा रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि रालोद के जाने के बाद सपा के पास उसके कोटे की 7 सीटें खाली थीं। कांग्रेस को पहले ही 11 सीट का वादा किया जा चुका था। इसमें रायबरेली-अमेठी शामिल नहीं थी। इनको मिला लें तो 13 सीटों पर सपा पहले ही तैयार थी। रालोद के जाने के बाद उदारता दिखाना आसान हो गया। अंदरखाने यह भी फीडबैक था कि अल्पसंख्यक वोटरों में कांग्रेस को लेकर रुझान बेहतर हुआ है। प्रदेश की 25 से अधिक लोकसभा सीटों पर अल्पसंख्यक वोटरों की भूमिका प्रभावी है। ऐसे में कांग्रेस के अलग लड़ने से इन वोटरों के बंटवारे का भी खतरा था, जिसका सीधा नुकसान सपा को हो सकता था। हाल में राज्यसभा के टिकट सहित अन्य मसलों को लेकर भी सपा में मुस्लिमों की भागीदारी को लेकर सवाल उठे थे। इसलिए भी सपा ने वोटरों में एकता का संदेश देने का दांव खेला है। हालांकि, सीटों के बंटवारे में उसके कोर वोटरों को किसी और के पाले में खिसकने का खतरा न हो, इस पर सपा ने खास ध्यान दिया है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



*वैधानिक सूचना*

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# विकसित भारत, मोदी का सपना और राष्ट्र का संकल्प

प्रो. महेश चंद गुप्ता

**हाल में नई दिल्ली में** आयोजित भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के साथ-साथ विकसित भारत का सपना साकार करने पर मंथन हुआ है। इस मौके पर मोदी ने जो कुछ कहा, वह विचारणीय है। मोदी ने कहा कि हम राजनीति के लिए नहीं राष्ट्रनीति के लिए निकले हैं। भारत ने आज हर क्षेत्र में जो ऊंचाई हासिल की है, उसने हर देशवासी को एक बड़े संकल्प के साथ जोड़ दिया है। ये संकल्प विकसित भारत का है।

मोदी बहुत पहले से विकसित भारत की बात कर रहे हैं। उन्होंने देश को 2047 तक विकसित बनाने का लक्ष्य तय कर रखा है। वह अक्सर कहते हैं कि अब देश न छोटे सपनें देख सकता है और न ही छोटे संकल्प ले सकता है। अब सपने भी विराट होंगे और संकल्प भी विराट होंगे। ये हमारा सपना भी है और संकल्प भी है कि हमें भारत को विकसित बनाना है। यह सही है कि मोदी ने जनता को छोटे-मोटे सपने कभी नहीं दिखाए। वह हमेशा सशक्त, समर्थ और विकसित भारत की बात करते आ रहे हैं और उस दिशा में उनकी सरकार 2014 से लगातार काम भी कर रही है। 2014 में 17 करोड़ से ज्यादा लोगों ने भाजपा को वोट देकर 282 सीटों के बहुमत से मोदी सरकार बनाई क्योंकि उन्हें मोदी से एक उम्मीद थी। पांच साल के बाद 2019 में लोकसभा चुनाव में 23 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं ने वोट देकर 303 सीटें भाजपा की झोली में डाल दीं तो सिर्फ इसलिए कि मोदी उनकी उम्मीदों पर खरा उतरे।

इस साल लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। मोदी सरकार की उपलब्धियों के साथ मोदी के नेतृत्व में भाजपा चुनाव मैदान में उतर गई है। इस बार लक्ष्य 400 पार का है लेकिन बड़ा सवाल है कि इतने भारी-भरकम लक्ष्य को भाजपा कैसे अर्जित कर पाएंगी? इसका जवाब राजनीतिक विश्लेषक मोदी की गारंटी के रूप में दे रहे हैं। माना जा रहा है कि मोदी की गारंटी के बूते पर भाजपा केन्द्र में तीसरी बार सरकार बनाएगी। भाजपा पिछले दस साल की उपलब्धियों और अपनी नीतियों-कार्यक्रमों के बूते पर चुनाव लड़ेगी। मोदी सांस्कृतिक भारत के पुनरुद्धार के लिए जो काम पिछले दस साल से कर रहे हैं।

# हे आदम! कहाँ हो?

डॉ. सुरेश कुमार

**अस्पताल** का नाम था सेवा मंदिर। सेवा का तो पता नहीं डॉक्टरों को मेवा बहुत मिलता था। अस्पताल के आरंभिक दिनों में डॉक्टर ऑटो में आते थे। अब खुद की चार-चार कोठियाँ और ऑडी-बेंज कार हैं। मरीजों का तो पता नहीं डॉक्टरों की बल्ले-बल्ले है। या यूँ कहिए कि अस्पताल केंचुए से अजगर बनने की कड़ी में जेट स्पीड से बढ़ता जा रहा था। यहाँ कर्मचारी काम कम खुशामदगिरी ज्यादा करते थे। खुशामदगिरी का परिणाम यह हुआ कि काम करने वाला कोल्हू का बैल बनकर उनके इशारे पर नाचता था।

मरीजों से पूछने पर पता चला कि अस्पताल ऊपर से कमल के फूल के समान सुंदर और भीतर से दलदल की तरह है। एक बार जो मरीज बनकर आता है उसका घर-बार बिकना तय है। यहाँ गरीबों की भी सेवा होती है, लेकिन सरकारी स्वास्थ्य कार्ड होना जरूरी है। कार्ड है तो वार्ड है। वरना यहाँ आना बेकार है। डॉक्टरों को इन कार्डधारकों को हैंडल करने के लिए खास तरीके की ट्रेनिंग दी गई है। कोई भी बाहरी बीमारी हो उसे बड़ा बताकर ऑपरेशन करने के लिए बाध्य करना इनकी चिकित्सकीय निपुणता का पहला और अंतिम निर्णय होता है। वैसे इस अस्पताल का नाम बीमा मंदिर होना चाहिए था।

कारण, यहाँ बीमाधारी मरीजों को विशेष खातिरदारी होती है। मरीज के अस्पताल में प्रवेश करते ही सबसे पहले पूछा जाने वाला सवाल होता है झ क्या आपके पास बीमा है? यही मरीज ने हाँ कह दिया तो समझो डॉक्टरों की टीम जोंक की तरह उस पर टूट पड़ेगी। सेलाइन चढ़ाने से पहले खून चूसने का अपना मनपसंद काम शुरू कर देंगे। बीमा धारकों के भर्ती होने का मतलब अपनी गाड़ी सर्विसिंग देने जैसा है। जिस तरह गाड़ी का पुर्जा-पुर्जा खोलकर देखा जाता है ठीक उसी तरह ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, स्टूल टेस्ट, ईसीजी, एक्सरे, अल्ट्रास्कैन, फलाना स्कैन, ढिमका स्कैन सब कुछ।

## न्यूज़ फ्लैश

### डीएम ने चार डिप्टी कलेक्टर के कार्यक्षेत्र बदले

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद में जिलाधिकारी ने मांट और गोवर्धन के एसडीएम को बदलते हुए चार पीसीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने आदेश कुमार को एसडीएम मांट श्रीमती नीलम श्रीवास्तव को एस डी एम गोवर्धन जबकि श्रीमती प्रीति जैन और मयंक गोस्वामी को मुख्यालय पर डिप्टी कलेक्टर के पद पर तैनात किया है।

### अवैध सोसायटी संचालकों के खिलाफ होगी एफआईआर

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
मण्डलायुक्त रितु माहेश्वरी ने उपाध्यक्ष को जनपद में चल रहे विभिन्न अवैध निर्माण जैसे कॉलोनी, प्लाटिंग, कॉम्प्लेक्स आदि पर सख्त कार्यवाही करने के आदेश दिये। मण्डलायुक्त रितु माहेश्वरी ने ये निर्देश उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सभागार में मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण की 100वीं बोर्ड बैठक के दौरान दिये। उन्होंने अवैध सोसायटी संचालकों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिये तथा उनको ब्लैकलिस्ट एवं रेरा विभाग से पंजीकरण निरस्त कराने के निर्देश दिये। मण्डलायुक्त ने कम शमन शुल्क वसूलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देश दिये अधिकाधिक आरसी जारी करते हुए कार्यवाही की जाये। शमन शुल्क बढाने के कार्य में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिये। मण्डलायुक्त को एमवीडीए के ओएसडी ने अवगत कराया कि माह सितम्बर से माह फरवरी अद्यतन तक 34 अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया गया है, जिस पर मंडलायुक्त ने कम ध्वस्तीकरण की कार्यवाही पर नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देश दिये कि ध्वस्त की गई कॉलोनियों पर निरंतर निगरानी एवं सर्वे करते रहें कि दुबारा कार्य प्रारम्भ तो नहीं हुआ है। यदि ध्वस्त कालौनियों दुबारा कार्य कराती हैं, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करायें तथा संबंधित क्षेत्र के एई एवं जेई की जिम्मेदारी तय करते हुए संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाये। उन्होंने आधुनिक टेक्नोलॉजी जैसे ड्रोन, सेटेलाइट मैपिंग आदि का प्रयोग करते हुए सर्वे कराने के निर्देश दिये तथा अधिकाधिक अवैध निमार्णों पर अंकुश लगाने के निर्देश दिये।

### सीएम ने मंजूर की विधायक राजेश नागर की ग्रेटर फरीदाबाद के लिए अलग एसडीएम की मांग

**फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )/टीम एक्शन इंडिया**
फरीदाबाद तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर ने चंडीगढ़ विधानसभा सत्र में भाग लेते हुए अपने क्षेत्र की अनेक समस्याओं को रखा। उन्होंने ग्रेटर फरीदाबाद के लिए अलग सबडिवीजन बनाकर एसडीएम नियुक्त करने की मांग की। उन्होंने कहा कि आज ग्रेटर फरीदाबाद अपने आप में एक बड़ा शहर है। जिसकी स्थानीय समस्याओं का हल वहीं होना चाहि। जिसे मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सत्र में ही मंजूरी दे दी। उन्होंने कहा कि जल्द ही ग्रेटर फरीदाबाद के लिए अलग एसडीएम नियुक्त किया जाएगा। इससे तिगांव विधानसभा क्षेत्र में हर्ष की लहर है और इसे विधायक राजेश नागर का मुख्यमंत्री मनोहर लाल की नजर में महत्व समझा जा रहा है। नागर ने अपने क्षेत्र की अनेक कालोनियां नियमित किए जाने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद किया, वहीं अन्य कुछ कॉलोनीयों को भी नियमित करने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि मेरे क्षेत्र में अनेक गांव नगर निगम में समाहित किए गए हैं। उन गांव में भी विकास कार्य तेज करवाए जाएं।राजेश नागर ने कहा कि मेरे क्षेत्र में करोड़ों के विकास कार्य चल रहे हैं लेकिन पल्ला, सेहतपुर, तिलपत क्षेत्र में अनेक कॉलोनियों में विकास कार्य की गति बहुत धीमी है। संबंधित ठेकेदार को अनेक बार कहे जाने के बावजूद वह काम पूरा नहीं कर रहा है। उस ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट किया जाए। नागर ने कहा कि सरकार तो अपनी मंजूरी दे देती है लेकिन स्थानीय स्तर पर लापरवाही के कारण जनता को परेशानी उठानी पड़ती है।

### सादाबाद में भारत जोड़ो यात्रा से जुड़ेंगे मथुरा के 2000 कांग्रेसी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा मथुरा की सीमा से होकर नहीं गुजरेगी। बावजूद इसके कांग्रेसियों को यात्रा को लेकर उत्साह है। तय कार्यक्रम के मुताबिक न्याय यात्रा 25 फरवरी को अलीगढ़ हाथरस सादाबाद आगरा होते हुए धौलपुर पहुंचेगी। मथुरा के कांग्रेसी सादाबाद में यात्रा के साथ जुडेंगे। मथुरा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भगवान सिंह वर्मा ने बताया कि लगभग 2000 कांग्रेसी सादाबाद में चौधरी चरण सिंह पार्क पर 25 फरवरी सुबह 10 बजे पहुंचकर यात्रा से जुडेंगे। कार्यकर्ता बसों और निजी वाहनों से सादाबाद पहुचेंगे।

# नव ज्योति शिक्षा सदन के छात्रों को स्वच्छ भारत अभियान जागरूकता मिशन में किया जागरूक

**जागरूकता**

8 नुक्कड़ नाटिका के माध्यम से स्वच्छ भारत अभियान जागरूकता मिशन का आयोजन किया गया।




**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
नव ज्योति शिक्षा सदन के विद्यार्थियों ने गांव भांवर में नुक्कड़ नाटिका के माध्यम से स्वच्छ भारत अभियान जागरूकता मिशन का आयोजन किया गया। नाटक की प्रस्तुति अध्यापिका कुसुम सैनी, मोनिका शर्मा, देवेंद्र मलिक के सानिध्य में 24 विद्यार्थियों ने दी। नाटक के माध्यम से लोगों का मनोरंजन करवाते हुए उनको बताया गया कि हमें अपने चारों ओर साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। किसी भी गली, नाली या सार्वजनिक स्थानों पर इधर-उधर कूड़ा नहीं फैलने देना चाहिए। जगह-जगह पर कूड़ेदान रखें जाएं । सभी को बताया कि कूड़ेदान का प्रयोग अवश्य करें। विद्यार्थियों ने नाटक में बताया कि हमें कूड़े में प्लास्टिक की थैलियां नहीं डालनी चाहिए जिनके खाने से पशु बीमार पड़ जाते हैं। प्लास्टिक की थैलियों को पुनर्चक्रित करना कठिन और महंगा है और अधिकांश लैंडफिल साइटों पर पहुंच जाते हैं जहां उन्हें फोटोडिग्रेड होने में लगभग 300 साल लग जाते हैं। वे छोटे-छोटे विषैले कणों में टूट जाते हैं जो मिट्टी और जलमार्गों को प्रदूषित करते हैं। ग्रामीणों ने नाटक के माध्यम से मनोरंजन के साथ साथ स्वच्छता संबंधित जानकारी लेते हुए पर्ण लिया की हम अपने चारों ओर साफ सफाई का विशेष ध्यान रखेंगे। निर्देशक राजेंद्र कौशिक एवम् प्रधानाचार्या हिनू शर्मा जी ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए ऐसी गतिविधियों को भविष्य में भी जारी रखने का सुझाव दिया।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के मध्य यूपी बोर्ड की परीक्षाएं प्रारंभ



**लोकेश चौधरी/टीम एक्शन इंडिया**
मथुरा। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं गुरुवार से शुरू हो गईं। जिला प्रशासन ने नकल विहीन परीक्षा कराने को पूरी तैयारी है। हाईस्कूल की पहली पारी की परीक्षा सुबह 8:30 से 11:45 तक हुई। वृंदावन में परीक्षा के पहले दिन नगर निगम बालिका इंटर कॉलेज एवं हजारीमल सोमानी इंटर कॉलेज से यूपी बोर्ड की परीक्षा देकर निकलते छात्र छात्राओं ने बताया कि पेपर काफी आसान था,जो तैयारी की थी उसी से संबंधित प्रश्न आए। अच्छे अंक आने की उम्मीद है। इस कारण परीक्षा केंद्रों से निकलते हुए छात्र छात्राओं के चेहरे पर मुस्कान नजर आई। वृंदावन में सुबह से ही नगर निगम बालिका इंटर कॉलेज और हजारीमल सोमानी इंटर कॉलेज पर परीक्षार्थियों का जमावड़ा रहा। सुबह की प्रथम पाली में हाईस्कूल के विद्यार्थियों का हिंदी प्रारंभिक का पेपर हुआ।
सभी बच्चों को नियमित तलाशी करने के बाद ही परीक्षा केंद्र में अंदर प्रवेश दिया गया।

# हॉफ मैराथॉन का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वस्थ जीवनशैली की प्रेरणा देनाः मान

**फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )।/टीम एक्शन इंडिया**



सीईओ जिला परिषद सतबीर मान ने कहा कि जिला में आगामी तीन मार्च को फरीदाबाद मैराथॉन नाम से एक बड़ा इवेंट किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वस्थ जीवनशैली की प्रेरणा देना और उन्हें संजीवनी कार्रवाई के लिए प्रोत्साहित करना है। इसके तहत, स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं, अभियानों, और प्रोग्रामों को प्रोत्साहित करना है। इसमें अलग-अलग श्रेणियों के हजारों धावक भागीदारी करेंगे। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल फरीदाबाद मैराथॉन में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करेंगे। सीईओ जिला परिषद सतबीर मान आज वीरवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में जिला फरीदाबाद के सभी आर डब्ल्यू के प्रतिनिधियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस मैराथन में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित कराने के दिशा-निर्देश दें रहे थे। सीईओ जिला परिषद सतबीर मान ने आगे बताया कि डीसी विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में दिल्ली और मुंबई जैसे देश के प्रमुख शहरों में आयोजित होने वाले ऐसे आयोजनों की तर्ज पर फरीदाबाद हॉफ मैराथॉन भी औद्योगिक महानगर/ उद्योगिक नगरी का एनुअल इवेंट होगा। जिला मैराथॉन में भागीदारी के लिए हजारों की संख्या में प्रोफेशनल रनर्स ने फरीदाबाद हॉफ मैराथॉन डॉट कॉम पर अपना पंजीकरण करवा रहे हैं।

### मथुरा में किशोर का दिन दहाड़े अपहरण

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
स्कूटी से दूध लेने निकले किशोर का दिन दहाड़े अपहरण हो गया। इससे क्षेत्र में दहशत फैल गई। किशोर के अपहरण की सूचना पर एसएसपी सहित दूसरे आला पुलिस अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच गये। लोगों से बातचीत की और घटनास्थल का निरीक्षण किया। एसएसपी ने किशोर को बरामद करने के लिए पुलिस की आधा दर्जन टीमों को लगाया गया है। पुलिस को कुछ अहम सुराग हाथ लग गए हैं बच्चों को जल्द ही बरामद कर लिया जाएगा। बताया जा रहा है कि मानस नगर बलदेव पुरी निवासी राजेश चौधरी का 17 वर्षीय बेटा अर्जुन गुरुवार करीब सुबह आठ बजे इलेक्ट्रिक स्कूटी से दूध लेने के लिए देवनगर महोली रोड गया था। दूध लेकर घर वापस लौटते समय कर सवार दो युवकां ने अपहरण कर लिया।

# भाजपा के खेल प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बनने पर शेखर आंतिल का किया स्वागत



**राई/टीम एक्शन इंडिया**
शेखर आंतिल को भाजपा खेल प्रकोष्ठ का जिला संयोजक बनने पर भाजपा नेता एवं निगम पार्षद पुनीत राई के कार्यालय में शॉल देकर स्वागत करते हुए बधाई दी। नवनियुक्त जिला संयोजक शेखर आंतिल ने कहा कि उन्हें पार्टी ने जिम्मेदारी सौंपी है। उसका वे ईमानदारी से निवर्हन करते हुए खेल प्रकोष्ठ में युवाओं को जोड़ने का काम करेंगे। पुनीत राई ने कहा कि शेखर आंतिल पार्टी के प्रति समर्पित व निष्ठावान है। उन्हे प्रकोष्ठ में पद मिलने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर राकेश त्यागी, राकेश कौशिक, विनोद बैरागी, प्रदीप आंतिल, संजीव त्यागी, विनोद चोपड़ा,मौसम शर्मा, साहिल आंतिल, रोहताश, महाबीर खेवड़ा ,सुनील त्यागी, राहुल आदि मौजूद थे।

# श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि

**दीक्षांत समारोह,**

8 26 फरवरी को आयोजित होगा द्वितीय दीक्षांत समारोह, 670 विद्यार्थियों को मिलेंगे डिग्री और डिप्लोमा




**फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)। /टीम एक्शन इंडिया**
श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह 26 फरवरी को आयोजित होगा। हरियाणा के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री बंडारू दत्तात्रेय इस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे, जबकि रूप ऑटोमोटिव्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मोहित ओसवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगे। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि इस समारोह में 670 विद्यार्थियों को डिग्री और डिप्लोमा प्रदान किए जाएंगे। दीक्षांत समारोह में जुलाई 2021 से जुलाई 2023 के बीच डिग्री और डिप्लोमा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को सम्मिलित किया जाएगा। उत्कृष्ट विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल भी प्रदान किए जाएंगे।
श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के जिम्नेजियम हाल में होने वाले इस दीक्षांत समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि इस समारोह में पश्चिमी सभ्यता के प्रतीक गाउन की बजाय विद्यार्थी सफेद कुर्ता-पजामा अथवा धोती कुर्ता पहन कर अपनी डिग्री लेंगे और इसी तरह से छात्राएं भी सफेद सूट अथवा साड़ी पहनकर दीक्षांत समारोह का हिस्सा बनेंगी। शिक्षा में उत्कृष्टता का हमारा अपना एक इतिहास है। इसलिए हम अपनी परंपराओं पर गर्व करना सीखें। हमारी वेशभूषा अपने आप में हमें गौरवान्वित करने का अवसर देती है। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि गुलामी के प्रतीकों को हमें मिटाना है। अपनी सभ्यता पर गर्व करने के लिए हमारे पास बहुत से आधार है। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि दीक्षांत समारोह में राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय की उपस्थिति में प्रोसेसन का आयोजन होगा। यह विश्वविद्यालय के लिए और दीक्षांत समारोह का हिस्सा बनने वाले सभी विद्यार्थियों के लिए गर्व का विषय है कि उन्हें हरियाणा के राज्यपाल एवं कुलाधिपति के हाथों यह डिग्रियां मिलेंगी।
कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने कहा कि दीक्षांत समारोह किसी भी शिक्षण संस्थान के लिए अत्यंत हर्ष एवं गर्व का विषय होता है।

### ईवी चार्जिंग स्टेशन के लिए पीपीपी मॉडल मिलेगी जमीन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
इलेक्ट्रिक वाहनों की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए ईवी चार्जिंग के लिए स्टेशन स्थापित किये जाएंगे इसके लिए पीपीपी मॉडल पर कम्पनी को ईवी चार्जिंग स्टेशन हेतु जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। एमवीडीए के बोर्ड बैठक में मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी ने इस आशय के दिशा निर्देश दिये। स्मार्ट सिटी में ईवी चार्जिंग स्टेशन महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। उन्होंने कहा कि होटल में पार्किंग, लॉबी, ओपेन स्पेश, फायर, शौचालय आदि मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान दिया जाये। सभी कार्यों में पूर्णता प्रमाण पत्र अवश्य जारी करायें अन्यथा की स्थिति में अनुमति को रदद कर दिया जायेगा। मण्डलायुक्त निर्देश दिये कि सरकार की मंशानुसार व्यापारियों एवं उद्यमियों के हित के लिए जिला प्रशासन एवं सभी कार्यदायी संस्था समन्वय स्थापित करते हुए उनके कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें। मण्डलायुक्त ने मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण के विभिन्न बैंक खातों की जानकारी ली। जिस पर वित्त एवं लेखाधिकारी ने बताया कि सरकारी बैंकों में लगभग 70 प्रतिशत तथा प्राइवेट बैंकों में लगभग 29 प्रतिशत खाते खुले हुए हैं। मण्डलायुक्त ने इन्टीग्रेटेड पाकिंर्गों को 10 मार्च तक चालू कराने के निर्देश दिये, जिसमें विभिन्न प्रकार की सुविधायें श्रद्धालुओं को उपलब्ध करायी जायेगी, जैसे ऑनलाइन रिजर्वेशन, पार्किंग उपब्धता का डिस्प्ले, लाइटिंग, पानी, शौचालय, मिनी कैन्टीन आदि सुविधायें होंगी। उन्होंने निर्देश दिये कि वृन्दावन में चल रही गोल्फकार्ट की संख्या शीघ्र बढ़ाई जाये तथा टेण्डर आदि की प्रकिया अमल में लाई जाये। श्रीमती माहेश्वरी जी ने शहर के अन्दर एवं बाहरी क्षेत्रों में ईवी चार्जिंग स्टेशन विकसित करने के लिए नगर आयुक्त को निर्देश दिये।

### बरसात में जलभराव से निपटने की कवायद जारी

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कान्हा की नगरी नगर से महानगर हो गई। तमाम प्रयासों के बावजूद भूतेश्वर रेलवे अंडरपास के नीचे होने वाले जलभराव से मुक्ति नहीं मिली है। बरसात से पहले इस स्थाई समस्या का अस्थाई हल तलाशने की कवायद एक बार फिर की जा रही है। वर्षा के दौरान भूतेश्वर रेलवे अंडरपास पर होने वाले जलभराव के कारण आम जनमानस को होने वाली असुविधा के निस्तारण के दृष्टिगत गुरुवार को नगर आयुक्त शशांक चौधरी के द्वारा भूतेश्वर रेलवे अंडरपास पर वर्षा के दौरान होने वाले जलभराव की समस्या के निदान के दृष्टिगत स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जल निकासी आवश्यक कार्य, व्यवस्था कराए जाने के लिए स्थल पर उपस्थित अपर नगर आयुक्त, महाप्रबंधक जल, अधिशासी अभियंता, सिविल से जानकारी ली गई।

# वृंदावन के राधा वल्लभ मंदिर में हो रही होली की धूम

**बसंत महोत्सव**

8 श्रीधाम वृंदावन में बसंत महोत्सव के बाद से ही होली की उत्साह और उमंग चारों ओर देखने को मिलती है।



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
श्रीधाम वृंदावन में बसंत महोत्सव के बाद से ही होली की उत्साह और उमंग चारों ओर देखने को मिलती है। ब्रज के सभी मंदिरों में होली का आगाज हो जाता है और दूर दराज से दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं पर प्रसादी गुलाल डालकर होली का उत्साह मनाया जाता है। इसी क्रम में वृंदावन के राधावल्लभ जी मंदिर में भी बसंत महोत्सव के बाद से होली का आगाज हो गया। जिसमें ठाकुर राधावल्लभ लाल मंदिर में आरती के समय भक्तों के ऊपर गुलाल डालकर होली का उत्साह मनाया जा रहा है। तीर्थनगरी मथुरा के वृंदावन में सोमवार से राधावल्लभ मंदिर में होली की धूम मची है। गोस्वामी और संतों ने वसंत के पदों का गायन कर ठाकुर जी को रिझाया। वहीं ठाकुरजी का प्रसाद गुलाल सेवायतों द्वारा बाहरी क्षेत्रों से आ रहे श्रद्धालुओं पर बरसाया जा रहा है। भक्ति और रंग से सराबोर होकर श्रद्धालु नृत्य करते है।वसंत पंचमी से वृंदावन के मंदिरों में होली की शुरूआत हो गई है। मंदिर के सेवायत अपने आराध्य का कई रंगों के गुलाल से शृंगार कर रहे हैं और चांदी की थाली में गुलाल सेवित कर रहे हैं। उसी प्रसादी गुलाल को सुबह आरती के बाद सेवायत गोस्वामियों द्वारा श्रद्धालुओं पर बरसाया जा रहा है।

# अयोध्या में रामलला प्राण-प्रतिष्ठा से हर देशवाशी है गौरवान्वित : राजकुमार वोहरा

**श्रीराम मंदिर**

8 मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व के कारण 500 साल बाद अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण संभव हो सका



**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)। /टीम एक्शन इंडिया**
श्री अयोध्या धाम में भगवान श्री राम जी के मंदिर बनवाने और श्री राम लला के विग्रह रूप को प्रतिष्ठित करवाने के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद करने हेतु ए.वी ग्लोबस द्वारा फरीदाबाद के नेहरू कॉलेज, डीएवी कॉलेज, रेलवे स्टेशन, मॉल ऑफ फरीदाबाद टाउन पार्क और रोज गार्डन सहित फरीदाबाद में कई जगहों पर मोदी जी को धन्यवाद देने हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाया गया क इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय निकाय प्रदेश सह संयोजक व निवर्तमान वरिष्ठ उप महापौर देवेन्द्र चौधरी ने डी.ए.वी कॉलेज और रेलवे स्टेशन फरीदाबाद पर और वरिष्ठ बुद्धिजीवी गंगाशंकर मिश्र ने नेहरु कॉलेज में हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की और इस अभियान में हस्ताक्षर कर भव्य श्री राम मंदिर बनवाने के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी का हार्दिक आभार व्यक्त किया क इस अवसर पर भाजपा,फरीदाबाद जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, ज़िला महामंत्री मनोज वशिष्ठ, सुरेन्द्र जांगड़ा, डी.ए.वी कॉलेज की प्रधानाचार्य श्रीमती विजयवन्ति, नेहरु कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉक्टर रुचिका खुल्लर, प्रो. देवेन्द्र, प्रो. भूपेन्द्र, स्टेशन मास्टर अखिलेश निगम, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राजन मुथरेजा, कार्यक्रम के आयोजक व संयोजक अमन वोहरा, युवा मोर्चा के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष शोभित अरोड़ा, अमित आहूजा, राज मदान, अजय डुडेजा, रजत जयसवाल, सुनील आनन्द, गजराज रावत, राहुल चौधरी आदि उपस्थित रहे क कार्यक्रम के आयोजक व संयोजक अमन वोहरा ने बतया कि सदियों बाद भगवान श्री राम के मन्दिर में भगवान रामलला के विग्रह रूप की प्राण प्रतिष्ठा से देश की जनता गौरवान्वित महसूस कर रही है और जनता देश के प्रधानमंत्री मोदी जी को आभार वयक्त करने के लिए फरीदाबाद की जनता व मुख्यतः युवा बहुत उत्साहित हैं और बढ़चढ़ कर इस अभियान में भाग ले रहे हैं क फरीदाबाद के लगभग 1 लाख लोग इस अभियान में भाग लेंगे क स्थानीय निकाय प्रदेश सह संयोजक व निवर्तमान वरिष्ठ उप महापौर देवेन्द्र चौधरी ने मोदी जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 22 जनवरी का दिन मेरे जीवन के अविस्मरणीय पलों में से एक है क यह मोदी जी का ही दूरदर्शी नेतृत्व है, जिसके कारण 500 साल के लंबे इंतजार के बाद श्री अयोध्या धाम में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण संभव हो सका है।

# फिर मूवमेंट से पहले नजरबंद किये किसान नेता

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
भाकियू चढ़ूंनी के यमुना एक्सप्रेस वे पर प्रदर्शन के ऐलान के बाद जिला प्रशासन ने संगठन के प्रमुख किसान नेताओं को घर पर ही नजर बंद कर दिया। केन्द्रीय नेतृत्व के आह्वान पर स्थानीय स्तर पर संगठन के पदाधिकारियों ने यमुना एक्सप्रेस वे पर गुरुवार को प्रदर्शन का ऐलान किया था।
इसके बाद किसान नेताओं से पुलिस ने संपर्क साधा और कानून व्यवस्था का हवाला देकर एक्सप्रेस वे से दूर रहने की हिदायत दी। किसान संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि उन्हें नजरबंद कर दिया गया बावजूद इसके संगठन कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया है। रतन सिंह पहलवान व रामवीर सिंह तोमर ने कहा कि किसानों पर लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले, रबर बुलेट चला कर किसानों पर बल प्रयोग किया जा रहा है। सरकार की तानाशाही व मनमानी से किसानों में आक्रोश व्याप्त है। भाकियू चढ़ूंनी पदाधिकारियों ने सुबह 11 बजे महावन में सहकारी समिति के सामने प्रदर्शन किया। जाम का नेतृत्व प्रदेश महासचिव डॉ सतीश चन्द्र, मंडल महासचिव प्रेम सिंह सिकरवार ने किया। इस दौरान मंडल सचिव हरिपाल सिंह परिहार, मंडल उपाध्यक्ष डा. राधेश्याम सिकरवार, जिला उपाध्यक्ष सोनवीर सिंह, पंचम सिंह पचहरा, तहसील अध्यक्ष चरण सिंह पवार, ब्लॉक अध्यक्ष मांट प्रेमपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 23 फरवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# बुराड़ी: श्रीनिवास संस्कृत विद्यापीठम गुरूकुल में ब्रह्म उत्सव का भव्य आयोजन

## सुंदर कांड पाठ से वातावरण हुआ भक्तिमय, सांसद मनोज तिवारी ने बालाजी के दर पर टेका मत्था, भक्तों का उमड़ा सैलाब












**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**

**बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव स्थित श्रीनिवा**स संस्कृत विद्यापीठम गुरूकुल में श्रीनिवास वेंकटेश भगवान तिरूपति बालाजी का सप्तम श्रीब्रह्मोत्सव स्थापना दिवस का आयोजन हुआ। ब्रह्म उत्सव के दौरान भक्तों का सैलाब उमड़ा रहा है। पिछले चार दिनों से नगर भ्रमण, सुंदर कांड पाठ, कथावाचकों द्वारा कथा का रसपान कराया जा रहा। हर कोई भगवान तिरूपति बालाजी की धुन में रंगा नजर आ रहा। आपको बता दें कि सन 2017 में भगवान तिरूपति बालाजी की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी।

**नगर भ्रमण से वातावरण हुआ भक्तिमय:** ब्रह्म उत्सव के अवसर पर प्रथम दिन भव्य और मनमोहक नगर भ्रमण का आयोजन किया गया। जहां पारंपरिक वेशभूषा में तिरूपति बालाजी के सान्निध्य में नगर भ्रमण निकला। क्षेत्र की विभिन्न गलियों, चौके से गुजरते हुए नगर भ्रमण का गुरूकुल में भव्य स्वागत हुआ। लोग इस मौके पर भक्ति के रंग में नजर आए।

**सांसद मनोज तिवारी ने लिया भगवान का आर्शीवाद:** भगवान तिरूपति बालाजी की महिमा अपंरपार है, उनके दर पर जो भी आता है खाली हाथ नहीं जाता, उक्त बातें स्थानीय सांसद मनोज तिवारी ने कहीं। उन्होंने कहा कि गुरूकुल बच्चों को भारतीय संस्कृति और वैदिक ज्ञान देकर अपनी संस्कृति को बढ़ावा दे रहा। मैं गुरूकुल को दिल की गहराईयों से अभिनंदन करता हूं कि उन्होंने भारतीय संस्कृति और परंपरा को आगे बढ़ाया है।





**महेंद्र कौशिक, प्रमुख सेवादार:** भगवान के साथ श्रीदेवी, भूदेवी एंव श्रीरामानुजस्वामीजी का नित्य आराधना, नित्य, उत्सव आदि का रसपान भक्तों को कराया जा रहा।

**सुंदरपाठ का हुआ भव्य आयोजन:** गुरूकुल में विश्व विख्यात सुन्दकाण्ड का आयोजन अजय भाई याग्निक के मुखारबिंद से हुआ। इस मौके पर गुरूकुल के साथ-साथ पूरा वातावरण भक्तिमय नजर आ रहा था।

**गुरूकुल में 72 छात्र ले रहे शिक्षा-दीक्षा:** गुरूकुल के प्रमुख सेवादार महेंद्र कौशिक ने बताया कि गुरूकुल भारतीय संस्कृति और वैदिक शिक्षा को आगे बढ़ा रहा। भारतीय वैदिक शिक्षा अपने आप में उत्कृष्ठ शिक्षा के लिए जानी जाती है। गुरूकुल में छठी से लेकर 12वीं तक छात्रों को सभी विषयों का गहन अध्ययन कराया जाता है। इस दौरान संस्कृत और वैदिक शिक्षा पर विशेष बल दिया जाता है।

**छात्रों को उपलब्ध कराई जाती है निशुल्क शिक्षा:** महेंद्र कौशिक ने बताया कि गुरूकुल की विशेष बात यह है कि छात्रों को निशुल्क शिक्षा उपल्बध कराई जाती है। उन्होंने बताया कि गुरूकुल को मध्य प्रदेश स्थित गरुकुल महषि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान उज्जैन से मान्यता प्राप्त है और जो भी पास गुरूकुल से शिक्षा प्राप्त कर उतीर्ण होते हैं उन्हें सर्टिफिकेट प्रदान की जाती है। महेंद्र कौशिक ने अवगत कराया कि यहां से निकले हुए छात्र आज बड़े-बड़े ज्योतिषाचार्य, कथावाचक आदि क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे।





# प्रदेश में डबल इंजन से हो रहा विकास कार्य: सीएम योगी आदित्यनाथ

## पूर्वांचल के युवाओं के लिए रोजगार के द्वार खोलेगा नया गोरखपुर: सीएम

**संकल्प**

विकसित भारत के इस संकल्प को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश को विकसित बनाना होगा

**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन की सरकार का लक्ष्य विकसित भारत बनाने का है। विकसित भारत के इस संकल्प को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश को विकसित बनाना होगा और इसके लिए गोरखपुर को विकसित करना होगा। विकसित देश, प्रदेश और जनपद के इस संकल्प को पूर्ण करने के लिए औद्योगिक निवेश भी आवश्यक है। मुख्यमंत्री योगी गुरुवार को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) क्षेत्र को 1040 करोड़ रुपये की 20 परियोजनाओं की सौगात देने के बाद गीडा के सेक्टर-13 में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर उन्होंने गीडा की 650 करोड़ रुपये की अनुमानित आय वाली कालेसर आवासीय टाउनशिप योजना को लॉन्च करने के साथ 300 करोड़ रुपये के निवेश वाली एसडी इंटरनेशनल की प्लास्टिक रिसाइक्लिंग एवं फूड पैकेजिंग कंटेनर यूनिट का शिलान्यास एवं 90 करोड़ रुपये के 18 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। सीएम ने राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट) के स्किल ट्रेनिंग सेंटर के पांच छात्रों को नामांकन प्रमाण पत्र भी वितरित किए।



### 'उत्पाद की पैकेजिंग पर ध्यान देना जरूरी'

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी भी उत्पाद की पैकेजिंग का अपना महत्व है। कोई उत्पाद कितना भी अच्छा हो, अगर उसका बाहरी आवरण ठीक नहीं है तो वह बाजार की प्रतिस्पर्धा में टिक नहीं पाएगा। किसी उपभोक्ता की पहली नजर उत्पाद के पैकेज पर पड़ती है। अगर उत्पाद सजा हुआ है तो लोग उसे देखते हैं। उत्पाद की कीमत बढ़ाने के साथ बड़ा बाजार उपलब्ध कराने में भी पैकेजिंग महत्वपूर्ण है। उन्होंने पैकेजिंग के क्षेत्र में नई यूनिट डालने के लिए एसडी इंटरनेशनल के निदेशकों को साधुवाद दिया।

**बन रहा है नया गोरखपुर:** मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर एक नया गोरखपुर बन रहा है। कालेसर से जंगल कौड़िया बाईपास पहले सपना था, आज हकीकत है। गोरखपुर में एम्स बन चुका है, बीआरडी मेडिकल कॉलेज का उन्नयन हो चुका है। खाद कारखाना शुरू हो चुका है।

गोरखपुर में चार-चार विश्वविद्यालय स्थापित हैं। अभी गत दिनों गोरखपुर के लिए सरकार ने पशु चिकित्सा महाविद्यालय के स्वीकृति दे दी है। इसे बाद में विश्वविद्यालय में परिवर्तित किया जाएगा।

# 'भारत का तालिबानीकरण स्वीकार नहीं किया जा सकता"

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दारुल उलूम देवबंद द्वारा गजवा ए हिंद को वैधता देने वाले फतवे पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए बीजेपी ने कहा है कि भारत का तालिबानीकरण कभी भी स्वीकार नहीं किया जा सकता। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने दारुल उलूम देवबंद द्वारा गजवा ए हिंद को वैधता देने वाले फतवे को भारतीय संविधान विरोधी और पाकिस्तान परस्त बताते हुए कहा है कि इसका साफ संदेश है कि देवबंद को बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान में विश्वास नहीं है, भारत के संविधान में विश्वास नहीं है।

# काशी से देश को संदेश देंगे पीएम नरेंद्र मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**

**पूर्वांचल** को विकास की सौगात देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को काशी की धरा से आम चुनाव 2024 का शंखनाद करेंगे। पीएम मोदी एक दिन में दो जनसभा करके पूर्वांचल के साथ ही पश्चिमी यूपी, हरियाणा, पंजाब सहित देशभर के रैदासिया संप्रदाय से जुड़े लोगों को भी संदेश देंगे। पीएम के काशी दौरे में हर वर्ग को जोड़ने के लिए अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित होंगे। पीएम मोदी की वाराणसी के करखियांव में आयोजित जनसभा पूर्वांचल के विकास में सहकार का प्रयास विषय पर केंद्रित रहेगी। काशी की धरती से पूर्वांचल को साधने के लिए इस रैली में वाराणसी, मिर्जापुर और आजमगढ़ मंडल की लोकसभा सीटों से किसान, योजनाओं के लाभार्थी और अन्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा पीएम मोदी संत रविदास की जयंती से एक दिन पहले सीर गोवर्धन में जनसभा करके देशभर के रैदासिया संप्रदाय से जुड़े लोगों को साधने का प्रयास करेंगे। पीएम मोदी ने 23 फरवरी की सुबह संत रविदास की जन्मस्थली पर दर्शन-पूजन कर श्रद्धालुओं संग संगत करेंगे। यहां संत शिरोमणि की प्रतिमा का अनावरण करेंगे और लंगर छककर सामाजिक समरसता का संदेश भी देंगे। इससे पहले पीएम मोदी काशी सांसद खेलकूद, सांसद फोटोग्राफी, सांसद ज्ञान और सांसद संस्कृत प्रतियोगिता के विजेताओं के माध्यम से काशी से अपने जुड़ाव का नाता भी मजबूत करेंगे। इसके बाद पीएम बनास काशी संकुल का औद्योगिक क्षेत्र करखियांव में उद्घाटन करेंगे। अमूल प्लांट बनास डेयरी से पूर्वांचल में लगभग एक लाख लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के एडवांस रिसर्च एंड मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का भी करखियांव इंडस्ट्रियल एरिया में शिलान्यास करेंगे।





यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण गुरुवार को गोरखपुर के गोरखनाथ मन्दिर में पूजा-अर्चना करती हुई।

# छिंदवाड़ा के कई नेता भाजपा में शामिल



**टीम एक्शन इंडिया/जबलपुर**

**पूर्व मुख्यमंत्री और** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ को लेकर अटकलों का बाजार थमने का नाम नहीं ले रहा है। भले ही कमलनाथ ने पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा में भी शामिल होने की बात कही हो, लेकिन उनके कई समर्थकों ने बुधवार को भाजपा का दामन थाम लिया। इस बीच, मोहन यादव सरकार में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का बड़ा बयान सामने आया है।

कैलाश विजयवर्गीय उन अटकलों पर पूछे गए सवालों पर टिप्पणी कर रहे थे कि कमलनाथ उनकी पार्टी में शामिल हो सकते हैं। इस पर उन्होंने कहा, मैंने कहा था कि हमारी पार्टी में कमलनाथ की कोई जरूरत नहीं है और इसलिए उनके लिए दरवाजे बंद हैं।

पिछले सप्ताह कमलनाथ और उनके सांसद बेटे नकुलनाथ के नई दिल्ली पहुंचने के बाद से ही अटकलें तेज हैं। हालांकि, कमलनाथ के करीबियों में शामिल सज्जन सिंह वर्मा ने उन खबरों का खंडन किया था कि 77 वर्षीय दिग्गज नेता भाजपा में शामिल होंगे। कमलनाथ के अगले राजनीतिक कदम पर सस्पेंस के बीच, उनके गढ़ छिंदवाड़ा जिले से पार्टी के कई स्थानीय नेता बुधवार को भाजपा में शामिल हो गए।

**दिग्विजय पर भी बरसे विजयवर्गीय:** भगोड़ो हीरा व्यापारी नीरव मोदी के प्रत्यर्पण के संबंध में दिग्विजय सिंह की टिप्पणियों के बारे में पूछे गए एक सवाल पर विजयवर्गीय ने कहा कि कांग्रेस नेता और उनके जैसे अन्य लोग निराश थे। उन्होंने कहा, वे जानते हैं कि उनका भविष्य अंधकारमय है।

**नकेल**

## पहले दिन सात मुन्ना भाई एवं पांच नकलची पकड़े गए, एक केंद्र व्यवस्थापक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

# यूपी बोर्ड : सख्ती से खलबली, सवा तीन लाख परीक्षार्थी नहीं पहुंचे परीक्षा केंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**

माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की शुचितापूर्ण तरीके से परीक्षा कराने की रणनीति पहले दिन से कारगर हो गई। गुरुवार को हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षा में करीब सवा तीन लाख से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों तक नहीं पहुंचे। प्रदेश भर में सोशल मीडिया पर नजर रखे जाने की वजह से भी नकलचियों में भय व्याप्त रहा। हिन्दी की परीक्षा में नकल कराने का प्रयास करने वाले सात मुन्ना भाई भी पकड़े गए। इन सबके खिलाफ एफआरआई दर्ज कराई गई है। एक केंद्र व्यवस्थापक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। परीक्षा केंद्रों पर निगहबानी की वजह से पांच नकलची भी पकड़े गए हैं। बोर्ड मुख्यालय एवं लखनऊ के कंट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से परीक्षा के दौरान एक टीम परीक्षा केंद्रों पर नजर रखे रही। जहां भी कुछ गड़बड़ी दिखी उस केंद्रों को चेतावनी भी दी गई। यूपी बोर्ड ने इस वर्ष की परीक्षा में और सख्त कदम उठाए हैं। इसका नतीजा आज पहले दिन ही परीक्षा में देखने को मिला।



प्रथम पाली में हाईस्कूल हिन्दी एवं प्रारम्भिक हिन्दी की परीक्षा 8273 केंद्रों पर एवं इंटर सैन्य विज्ञान की परीक्षा 244 केंद्रों पर आयोजित हुई। हाईस्कूल में 29,38,663 तथा इंटर में 5,123 परीक्षार्थी सम्मिलित होना था। द्वितीय पाली में इंटर हिंदी एवं सामान्य हिंदी की परीक्षा 8,232 केंद्रों पर हुई। हाईस्कूल में वाणिज्य की परीक्षा 1619 सेंटरों पर हुई। इंटर में 24,29,278 तथा हाईस्कूल में 38,437 परीक्षार्थी सम्मिलित होना था। पर हाईस्कूल में कुल 2,03,299 एवं इंटर में 1,30,242 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बोर्ड सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि हाईस्कूल एवं इंटर में कुल 3,33,541 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। इसी प्रकार प्रथम पाली की परीक्षा में सात छद्म परीक्षार्थी भी पकड़े गए। इनमें चार देवरिया, एक-एक आजमगढ़, जौनपुर, अलीगढ़ का मुन्ना भाई है। एटा में एक केंद्र व्यवस्थापक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पांच बच्चे नकल करते भी पकड़े गए हैं। बोर्ड सचिव ने बताया कि प्रदेश के सभी केंद्रों की लगातार मानिटरिंग की जाती रही। गौरतलब है कि बोर्ड की परीक्षा 55 लाख से अधिक परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया है।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा 24 को मुरादाबाद पहुंचेगी

**बरेली:** सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 24 फरवरी को मुरादाबाद में प्रवेश कर रही है उसको सफल बनाने के लिए महानगर कांग्रेस कमेटी की आवश्यक बैठक महानगर कार्यालय पर हुई। महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला ने कहा यात्रा में जिन पांच न्याय की बात की जा रही है उसे सारा देश निहित है। आज देश में उन्हें पांच न्याय को स्थापित करने की लड़ाई है परिणाम कुछ भी हो हम अन्याय के खिलाफ जनता के साथ खड़े हैं। सरकार जनता की मुद्दों पर काम नहीं कर रही है बस इवेंट कर रही है। 2024 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत निश्चित है।